हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, गुरुवार, 19 जून 2025 | अंक 244 / वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-




## सुरक्षा बलों की टीम और नक्सलियों में मुठभेड़, दो नक्सली ढेर

**बीजापुर.**

छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश की सीमा पर ग्रेहाउंड्स, सीआरपीएफ और स्टेट पुलिस की टीम और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई. इस मुठभेड़ में जवानों को बड़ी कामयाबी मिली है. एनकाउंटर में जवानों ने केंद्रीय कमेटी मेंबर गाजर्ला रवि उर्फ उदय को मारा गिराया है. कुख्यात नक्सली लीडर उदय 25 लाख का इनाम है. वो सेंट्रल कमेटी और एओबी स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर रहा है. वहीं मुठभेड़ में नक्सली लीडर चेलापति की पत्नी स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य वेंकट रवि लक्ष्मी चैतन्य, उर्फ अरुणा भी ढेर हुई है.

उस पर 20 लाख का इनाम था. बताया जा रहा है कि अरुणा नक्सली लीडर आजाद की बहन है, जो मुठभेड में पहले ही मारा जा चुका है. इतना ही नहीं इस मुठभेड़ में नक्सली लीडर उदय का सुरक्षा गार्ड भी मारा गया है. वहीं छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में नक्सली दंपतियों ने मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया. डिवीजनल कमेटी मेंबर जीवन तुलावी और उनकी पत्नी एरिया कमेटी मेंबर अगासा आरती ने आत्मसमर्पण किया है. दोनों पिछले 25 सालों से नक्सल संगठन में सक्रिय थे. दोनों आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि दी गई है. इस दौरान राजनांदगांव रेंज आईजी अभिषेक शांडिल्य, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह मौजूद रहे.

## देश के शुभांशु शुक्ला का एक्सिओम-4 मिशन 22 जून तक स्थगित




**नई दिल्ली.** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष में ले जाने वाले एक्सिओम मिशन 4 की लॉन्चिंग को फिलहाल 22 जून तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। आपको बता दें कि इसकी लॉन्चिंग 19 जून को तय की गई थी लेकिन अब ये टाल दी गई है। इसके पीछे वजह नासा द्वारा अंतरिक्ष स्टेशन में मरम्मत कार्य का मूल्यांकन करने के लिए अतिरिक्त समय देना है। ये फैसला एनएएसए, एक्सिओम स्पेस, और स्पेस एक्स के साथ-साथ भारत की स्पेस एजेंसी इसरो ने मिलकर लिया है, इसके बारे में पहले इसरो और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने ट्वीट किया है।

## 15 अगस्त से शुरू होगी सर्विस

# 3000 में मिलेगा साल भर का फास्टैग रिचार्ज

**नई दिल्ली.**

देश में नेशनल हाईवे पर अक्सर यात्रा करने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि सरकार निजी वाहनों के लिए फास्टैग आधारित वार्षिक पास जारी करेगी, जिसकी कीमत 3,000 रुपये होगी. यह पास सिस्टम 15 अगस्त 2025 से शुरू होगा. इस पास के जरिए निजी वाहन मालिक नेशनल हाईवे पर कम लागत और परेशानी मुक्त यात्रा कर पाएंगे. इस पास के तहत वाहन मालिक एक साल या ज्यादा से ज्यादा 200 बार टोल से गुजर सकेंगे. केंद्रीय मंत्री गडकरी ने एक्स पर बताया कि यह सुविधा विशेष रूप से गैर-व्यावसायिक वाहनों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, ताकि राष्ट्रीय राजमार्गों (नेशनल हाईवे) पर सुगम और निर्बाध यात्रा को मुमकिन बनाया जा सके. गडकरी ने बताया कि इस पास के लिए जल्द हीएनएचएआई और एमआरटीएच की वेबसाइट्स और 'राजमार्ग यात्रा ऐप' पर एक अलग लिंक उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके जरिए वाहन मालिक पास बनवा सकते हैं. नवीनीकरण की प्रक्रिया भी ऑनलाइन ही जा सकेगी. गडकरी ने बताया कि नई सालाना पास पॉलिसी का मकसद 60 किलोमीटर के दायरे में स्थित टोल प्लाजाओं से जुड़े पुराने मुद्दों का समाधान करना है. एकल डिजिटल लेन-देन के जरिए टोल भुगतान को आसान बनाना, टोल प्लाजा पर वेटिंग टाइम घटाना, भीड़ कम करना और विवादों को खत्म करना इसके प्रमुख लाभ हैं. इस घोषणा से लाखों निजी वाहन चालकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है, जिससे उनका सफर न केवल तेज होगा बल्कि ज्यादा सहज और तनावमुक्त भी रहेगा. तीन हजार रुपये में अधिकतम 200 ट्रिप यानी 200 टोल प्लाजा पार करने की सहूलियत का मतलब है कि एक टोल प्लाजा में निजी कार चालकों को केवल 15 रुपये चुकाने होंगे, जबकि हाईवे और एक्सप्रेस वे में टोल दरों की शुरुआत ही न्यूनतम 50 रुपये से होती है। न्यूनतम 50 रुपये की दर से 200 ट्रिप के लिए उन्हें दस हजार रुपये चुकाने पड़ते।



### वाहन मालिकों की होगी कितनी बचत?

वर्तमान में जो यात्री अक्सर किसी खास टोल प्लाजा से गुजरते हैं, वे एड्रेस प्रूफ और दस्तावेज जमा करके मासिक पास प्राप्त कर सकते हैं. इन पास की कीमत 340 रुपये मासिक है, जो सालाना 4,080 रुपये है. केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इस साल की शुरुआत में संकेत दिया था कि उनका मंत्रालय कार मालिकों के लिए पास की योजना बना रहा है. मंत्रालय के अधिकारी इसे कई चुनौतियों से निपटने के लिए एक समाधान के रूप में मानते हैं, जिसमें शहर की सीमा के भीतर टोल प्लाजा के लिए जनता का विरोध, 60 किलोमीटर से कम दूरी पर स्थित टोल प्लाजा और कलेक्शन पॉइंट पर विवाद की घटनाएं शामिल हैं.


### क्या है ट्रिप का मतलब?

ट्रिप का अर्थ एक टोल प्लाजा पार करना है। इसका मतलब है कि आप एक ही दिन में आने-जाने में जितने टोल प्लाजा पार करेंगे, उतनी ट्रिप गिनी जाएंगी। अगर आपकी 200 ट्रिप एक साल खत्म होने के पहले पूरी हो जाती हैं तो आपको नए सिरे से यह प्लान लेना होगा।

### फास्टैग कैसे होगा रिचार्ज?

नया प्लान एक्टिवेशन के दिन से जोड़ा जाएगा। तीन हजार रुपये का वार्षिक पास कई माध्यमों-राजमार्ग एप, एनएचएआई और सड़क परिवहन मंत्रालय के पोर्टल आदि की वेबसाइट पर जाकर रीचार्ज किया जा सकता है। इसके लिए एक खास लिंक जल्द ही उपलब्ध कराया जाएगा।

### नई टोल योजना की 10 बड़ी बातें



वार्षिक पास वाहन और उससे संबंधित फास्टैग के सत्यापन के बाद ही जारी किए जाएंगे। अगर आपके वाहन पर पहले से फास्टैग लगा है तो उस पर ही वार्षिक पास एक्टीवेट होगा। विंडस्क्रीन पर उसे सही जगह लगाया जाना, उसका वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर से लिंक होना जरूरी है। फास्टैग को ब्लैक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। यह केवल राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेस वे पर ही मान्य होगा। राज्यों के हाईवे इसके दायरे में नहीं आएंगे। वार्षिक पास किसी को ट्रांसफर नहीं किया जा सकता। अगर इसे किसी अन्य वाहन के लिए इस्तेमाल किया जाएगा तो यह डिएक्टिवेट हो जाएगा। वार्षिक पास अनिवार्य नहीं है। अगर कोई इसे नहीं लेना चाहे तो वह सामान्य फास्टैग से भी काम चला सकता है।

### इसलिए लाया गया नया पास सिस्टम



*आंकड़ों से पता चलता है कि 2023-24 में कुल 55,000 करोड़ रुपये के टोल राजस्व में से निजी कारों का योगदान केवल 8,000 करोड़ रुपये था. टोल लेन-देन के विश्लेषण से पता चलता है कि निजी कारों की हिस्सेदारी कुल मार्ग का 53% है, लेकिन वे राजस्व का केवल 21% ही जनरेट करती हैं. इसके अतिरिक्त सुबह 6 बजे से रात 10 बजे के बीच निजी वाहनों की संख्या लगभग 60% होती है, जबकि कमर्शियल वाहन पूरे दिन और रात के समय में स्थिर गति बनाए रखते हैं.*

### किसके लिए होगा नया पास?

*यह पास पूरी तरह गैरव्यावसायिक वाहनों यानी निजी कारों, जीप और वैन के लिए मान्य होगा। क्लोज्ड कॉरीडोर यानी एक पूरे खंड के रूप में बनाए गए हाईवे-एक्सप्रेसवे में एंट्री और एक्जिट को एक ट्रिप ही गिना जाएगा। उदाहरण के लिए दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे में एक ओर की यात्रा एक ट्रिप मानी जाएगी।*

## गुजरात में भारी बारिश से बुरा हाल, 5 लापता

**गांधीनगर.** गुजरात के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटों में हुई मूसलाधार बारिश से सामान्य जनजीवन प्रभावित हो गया. खासकर बोटाड जिले में, जहां 40 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया, जबकि उफनती नदी में एक कार के बह जाने से उसमें सवार पांच लोग लापता हो गए हैं. अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी.

अधिकारियों ने बताया कि भावनगर भी सबसे अधिक प्रभावित जिलों में से एक है. उन्होंने बताया कि राज्य के कुछ हिस्सों में अगले चार दिनों में और अधिक बारिश होने की संभावना है. अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण निचले इलाकों में जलभराव हो गया और कुछ सड़कें तथा पुल यातायात के लिए बंद करनी पड़ी है.

## अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू में सुरक्षा के खास इंतजाम



**जम्मू.** डीआइजी जम्मू-सांबा-कठुआ रेंज, जम्मू ने आगामी श्री अमरनाथ जी यात्रा 2025 के बेस कैंप भगवती नगर में जम्मू में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की. जम्मू-सांबा-कठुआ रेंज के डीआईजी शिव कुमार शर्मा ने अमरनाथ यात्रा से पहले जम्मू में कई संवेदनशील इलाकों का दौरा किया. उन्होंने जम्मू के राम मंदिर, पुरानी मंडी, गीता भवन परेड और बेस कैंप भगवती नगर में जम्मू की सुरक्षा समीक्षा की. समीक्षा के दौरान डीआईजी जेएसके रेंज ने बेस कैंप और उसके आसपास तैनात गार्ड, रास्ते में चेकिंग, लगाए गए सीसीटीवी कैमरे, पार्किंग क्षेत्र आदि का निरीक्षण किया. शिव कुमार शर्मा ने आयोजन स्थलों और उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

## पूरे झारखंड में मानसून सक्रिय

### कल तक भारी बारिश का अनुमान, रांची में बंद रहेंगे स्कूल

**रांची.** दक्षिण-पश्चिम मानसून बुधवार को पूरे झारखंड में सक्रिय हो गया. इसकी वजह से राज्य में व्यापक वर्षा हुई. मौसम विभाग ने 20 जून तक पूरे राज्य में बारिश जारी रहने की संभावना जताई है. एक अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी दी. राज्य में मानसून ने मंगलवार को दस्तक दी थी, जिसका असर 24 में से 18 जिलों में देखा गया. एहतियात के तौर पर रांची जिले के सभी स्कूल गुरुवार को बंद रहेंगे. रांची मौसम विज्ञान केंद्र के डिप्टी डायरेक्टर अभिषेक आनंद ने बताया, ''मानसून बुधवार को लातेहार, हजारीबाग, कोडरमा, गढ़वा, पलामू और चतरा जैसे बाकी जिलों में आगे बढ़ गया.'' झारखंड में एक जून से 17 जून तक 52 प्रतिशत कम वर्षा हुई थी. हालांकि, पिछले 24 घंटों में हुई ताजा बारिश के बाद एक जून से 18 जून तक सात प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई. राज्य में एक जून से 18 जून तक 74.9 मिमी की सामान्य वर्षा के मुकाबले 80.4 मिमी वर्षा हुई है, जिसमें लातेहार जिले में सबसे अधिक वर्षा दर्ज की गई. अधिकारी



ने बताया कि गहरवा जिले में 61 प्रतिशत कम बारिश हुई, उसके बाद रामगढ़ (45 प्रतिशत कम) का स्थान रहा. झारखंड में मंगलवार से भारी बारिश हो रही है. आईएमडी ने 20 जून तक और अधिक बारिश होने का अनुमान लगाया है. अभिषेक आनंद ने कहा, ''लोहरदगा जिले के कुरु में सुबह 8.30 बजे तक 24 घंटों में सबसे अधिक 144 मिमी बारिश हुई. इस अवधि के दौरान रांची में 128 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि सरायकेला-खरसावां के कुचाई में 124.2 मिमी बारिश दर्ज की गई. बुधवार के लिए बोकारो, धनबाद, रामगढ़, रांची, खूंटी, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम सहित कई जिलों के लिए 'रेड' अलर्ट जारी किया गया है.

## राजा रघुवंशी हत्याकांड में आरोपी राज की दादी की सदमे से मौत

**फतेहपुर.** बीते कुछ दिनों से लगातार चर्चा में बना इंदौर के राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में आए दिन नए-नए खुलासे हो रहे हैं. मेघालय में हुए इस हत्याकांड में आरोपी सोनम रघुवंशी के बॉयफ्रेंड राज कुशवाहा तो पूरी साजिश का मास्टरमाइंड बताया गया. इस मामले में सोनम समेत सभी पांच आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है, जिन्होंने 23 मई को सिर्फ 18 मिनट में राजा की हत्या कर उसकी लाश खाई में फेंक दी थी. हालांकि राज के घर वाले लगातार उसे बेकसूर बताते रहे. अब खबर है कि फतेहपुर में राज की दादी की मौत हो गई है. परिजनों का कहना है कि राज को फर्जी तरह से केस में फंसाया गया है. इसी के सदमें में उसकी दादी दादी रामलली देवी को मंगलवार की रात हार्टअटैक



आ गया और उनकी मौत हो गई. बताया जा रहा है कि अंतिम समय में दादी ने कहा था कि उनके पोते को गलत फंसाया जा रहा है. बता दें कि राज कुशवाहा मुख्य रूप से फतेहपुर के गाजीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सुकेती रामपुर का रहने वाला है. जहां पर उसका पैतृक मकान है. पैतृक गांव में उसकी दादी रामलली देवी उसके चाचा पप्पू कुशवाहा और बहन के साथ रहती थीं. राजा रघुवंशी हत्याकांड में राज कुशवाहा मुख्य आरोपी है. जिसकी गिरफ्तारी के बाद से ही लगातार रिश्तेदार, मित्र व अन्य ग्रामीणों द्वारा पारिवारिक जनों से घटना की जानकारी ली जा रही थी. घटना के बाद से ही राज परिवार काफी दुखी और परेशान था. जिसके चलते राज कुशवाहा की दादी रामलली का मंगलवार की रात निधन हो गया. गौरतलब है कि शादी के एक सप्ताह बाद मध्य प्रदेश के इंदौर कपल राजा और सोनम रघुवंशी 21 मई को हनीमून मनाने मेघालय गए थे. वहां कामाख्या देवी के दर्शन के बाद राजा और सोनम शिलांग चले गए थे. इसके बाद सोनम और राजा रघुवंशी लापता हो गए थे. 2 जून को शिलांग की ही एक घाटी में राजा रघुवंशी का सड़ा गला शव मिला था. वहीं, सोनम का कुछ पता नहीं चल रहा था. इसके एक सप्ताह बाद सोनम खुद गाजीपुर एक ढाबे पर पहुंच गई. जहां से शिलांग पुलिस उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर मेघालय ले गई थी.

# व्हाइट हाउस की चौखट पर नहीं झुकेंगे

### ट्रंप के गुड लक पर ईरान का करारा जवाब



**ईरान.**

ईरान और अमेरिका के बीच तल्खी एक बार फिर बढ़ गई है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान पर ईरान भड़क गया है जिसमें उन्होंने दावा किया था कि ईरान के अधिकारियों ने व्हाइट हाउस आने की इच्छा जताई है. इसी बीच एक ईरानी मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया कि अब ईरान ने ट्रंप के इस बयान को झूठा और भड़काऊ करार देते हुए सख्त प्रतिक्रिया दी है.

ईरान के न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मिशन ने एक्स पर एक कड़ा बयान जारी किया. इसमें कहा गया है कि किसी भी ईरानी अधिकारी ने व्हाइट हाउस के दरवाजे पर झुककर खड़े होने की मांग नहीं की. ट्रंप का ये दावा पूरी तरह से झूठा और बेबुनियाद है. साथ ही ट्रंप को 'झूठा' और 'डरपोक' कहकर उनकी बयानबाजी को भी शर्मनाक बताया. इतना ही नहीं, ईरान ने ट्रंप की उस कथित धमकी पर भी आपत्ति जताई, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई को निशाना बना सकता है. ईरान ने चेतावनी दी कि अगर उसके नेता या संस्थाओं को किसी भी प्रकार की धमकी दी गई या हमला किया गया, तो वह भी वैसी ही जवाबी कार्रवाई करेगा. इसके पहले भी खामेनेई ने अपने संबोधन में कहा था कि अगर अमेरिका के आगे ईरान सरेंडर नहीं करेगा, बल्कि अगर यूएस ने हमला किया तो उसे तबाह कर देंगे.

### दबाव में कोई बातचीत नहीं होगी: ईरान

ईरान के बयान में यह भी साफ कहा गया कि ईरान दबाव में आकर न कभी बातचीत करता है, न कभी शांति समझौता करता है, और न ही किसी युद्ध भड़काने वाले की झूठी अहमियत को स्वीकार करता है. यह सीधा संकेत है कि ईरान ट्रंप के किसी भी कूटनीतिक प्रस्ताव को गंभीरता से नहीं ले रहा. बयान में अमेरिका को चेताते हुए यह भी कहा गया कि अगर वॉशिंगटन किसी तरह की कार्रवाई करता है, तो ईरान भी उसी स्तर की जवाबी प्रतिक्रिया देगा. हर खतरे का जवाब खतरे से, और हर कार्रवाई का जवाब कार्रवाई से दिया जाएगा. ईरान की यह प्रतिक्रिया आने वाले दिनों में तनाव और बढ़ने की ओर इशारा कर रही है.





# महाराष्ट्र में हिंदी विवाद पर राज ठाकरे ने जताई सख्ती

## हिंदी विरोध नहीं तो होगा राज्य: द्रोह



**मुंबई.**

राज्य सरकार ने मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में पहली से पांचवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए हिंदी भाषा को अनिवार्य तीसरी भाषा बनाने को लेकर आदेश जारी कर दिया है. हालांकि इसको लेकर वहां पर सियासत तेज हो गई है. कांग्रेस ने सीएम देवेंद्र फडणवीस पर मराठी लोगों की छाती में छुरा घोंपने का आरोप लगाया है. तो राज ठाकरे ने इसका विरोध करते हुए कहा कि यह सरकार की पैंतरेबाजी है कि हिंदी अब अनिवार्य नहीं रहेगी, लेकिन जो छात्र हिंदी पढ़ना चाहें, उनके लिए पाठ्यक्रम उपलब्ध रहेगा. साथ ही स्कूलों से इसके विरोध में खड़े होने की बात कही है. राज्य सरकार की ओर से मंगलवार को जारी अपने संशोधित आदेश में कहा गया कि हिंदी अनिवार्य होने की जगह 'सामान्य रूप से' तीसरी भाषा होगी, लेकिन यदि किसी स्कूल में किसी कक्षा में 20 छात्र हिंदी के अलावा किसी अन्य भारतीय भाषा में पढ़ाई करने की इच्छा जाहिर करते हैं तो उन्हें इससे बाहर रहने का विकल्प दिया गया है.

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के नेता राज ठाकरे ने सरकार के इस आदेश पर खुलकर विरोध जताया है. उन्होंने कहा कि अप्रैल से महाराष्ट्र में शिक्षा विभाग का नया तमाशा शुरू हुआ है. पहले यह फरमान जारी किया गया कि महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा मंडल के पाठ्यक्रम से जुड़ी स्कूलों में पहली कक्षा से ही 3 भाषाएं पढ़ाई जाएगी. मराठी, अंग्रेजी और हिंदी अनिवार्य भाषा होंगी. जब इस आदेश पर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने विरोध जताया तो सरकार ने चुपचाप पैंतरा बदला और कहा कि हिंदी अब अनिवार्य नहीं रहेगी, लेकिन जो छात्र हिंदी पढ़ना चाहें, उनके लिए यह पाठ्यक्रम उपलब्ध रहेगा. हिंदी पर हमला करते हुए राज ठाकरे ने कहा, "सवाल हिंदी भाषा थोपने का है ही नहीं, क्योंकि यह कोई 'राष्ट्रभाषा' नहीं है. वह तो उत्तर भारत के कुछ राज्यों में बोली जाने वाली एक क्षेत्रीय भाषा है. यह जहां कहीं भी बोली जाती है, वहां भी अनेक स्थानीय भाषाएं हैं, जो अब हिंदी भाषा के दबाव में आकर लुप्त होने के कगार पर आ गई हैं. अब उन्हें अपनी स्थानीय भाषाएं बचानी हैं या नहीं, यह फैसला उनका है, हमें उससे कुछ भी लेना-देना नहीं है. महाराष्ट्र में हिंदी भाषा थोपे जाने का विरोध करते हुए राज ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र में इस तरह से कोई भाषा थोपने की कोशिश की जाती है, तो हम इसके खिलाफ आवाज उठाते हैं और आगे भी उठाते रहेंगे.

### अभी से बच्चों पर बोझ क्यों

राज ठाकरे ने कहा कि बच्चों को एक क्षेत्रीय (राज्य) भाषा और एक वैश्विक (अंतरराष्ट्रीय) भाषा सिखा दी जाए, यही काफी है. और कौन सी जरूरत है इतनी भाषाएं बच्चों पर लादने की? बच्चे जब बड़े होंगे, तो जरूरत के हिसाब से वे खुद भाषाएं सीख सकते हैं. लेकिन अभी से उन पर यह बोझ क्यों डालें.

## पुणे से जबलपुर तक दर्दनाक सफर

### > बेहोशी के बाद दर्दनाक मौत



**पुणे.** पुणे से एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को अपहरण कर दूसरी जगह ले जाया जा रहा था, जिसकी जबलपुर में मौत हो गई. बच्ची ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. मरने से पहले नाबालिग ने अपने बयान में पुलिस को बताया कि मैं जीना चाहती हूं. लेकिन अपहरण कर ले जा रहे युवक ने मुझे जबरदस्ती जहर खिला दिया. जहर की वजह से उसकी हालत बिगड़ गई. अब जीआरपी पुलिस की जानकारी पर जबलपुर पहुंची पुणे पुलिस और परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया और नाबालिग का शव परिजनों को सौंप दिया गया.जीआरपी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 13 जून को शहडोल नागपुर एक्सप्रेस में नैनपुर स्टेशन के पास टिकट चेकिंग के दौरान एक नाबालिग लड़की सीट पर बेहोशी की हालत में मिली थी, जिसकी जानकारी टीटीई ने नैनपुर जीआरपी को दी. सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने नैनपुर रेलवे स्टेशन से नाबालिग का रेस्क्यू किया और उसे जबलपुर के विक्टोरिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसे भर्ती कराया गया.हालत गंभीर होने पर उसे नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान 16 जून की देर रात उसकी मौत हो गई. 17 जून को पुणे पुलिस परिजनों को लेकर जबलपुर पहुंची. जहां परिजनों की मौजूदगी में नाबालिग का पोस्टमार्टम कराया गया. इसके बाद परिजन एंबुलेंस की मदद से शव पुणे लेकर रवाना हुए. मृतक लड़की की मां का कहना है कि 26 मई को पुणे के बंड गार्डन थाना क्षेत्र से करन सिंह नाम का युवक बेटी का अपहरण कर अपने साथ ले गया था. उन्होंने बेटी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. इसके बाद से वह लगातार बेटी की तलाश कर रहे थे.

## एयर इंडिया की देरी पर भड़कीं सुप्रिया



**पुणे.**

अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद एयर इंडिया के कई विमानों में तकनीकी खामी सामने आई है. इससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है. इस बीच एनसीपी (शरद गुट) की नेता सुप्रिया सुले ने दिल्ली से पुणे के लिए एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2971 से यात्रा की. इसे लेकर उन्होंने एक पोस्ट किया है.सुप्रिया सुले ने अपने पोस्ट में लिखा, मैं दिल्ली से पुणे के लिए एयर इंडिया की फ्लाइट से सफर कर रही हूं.

फ्लाइट 3 घंटे से ज्यादा देरी से चल रही है. इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी जा रही. कोई अपडेट नहीं, कोई सहायता नहीं और बहुत खराब सेवा है. इस तरह की देरी और कुप्रबंधन एयर इंडिया के लिए आम बात हो गई है. इसके आगे एनसीपी (एस.) नेता सुप्रिया सुले ने लिखा, ऐसी स्थिति में यात्री असहाय रह जाते हैं. यह उदासीनता स्वीकार नहीं है. इस पोस्ट में उन्होंने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अकाउंट को टैग करते हुए लिखा, हस्तक्षेप करें और एयरलाइन को जवाबदेह ठहराया. यात्री इससे बेहतर के हकदार हैं.

एअर इंडिया ने मंगलवार को अलग-अलग कारणों और विमान बेड़े की बढ़ी हुई जांच के चलते लंदन-अमृतसर और दिल्ली-दुबई समेत 6 इंटरनेशनल फ्लाइट रद्द कर दी हैं. इसे लेकर एयर इंडिया की ओर से कहा गया है कि रद्द की गई अन्य फ्लाइट बेंगलुरु-लंदन, दिल्ली-विधान, दिल्ली-पेरिस और मुंबई-सैन फ्रांसिस्को हैं. इससे पहले एयर इंडिया ने अहमदाबाद-लंदन गैटविक फ्लाइट को रद्द किया था.

## मुंबई-मुजफ्फरनगर ट्रेन में एसी बंद होने से हुई मौत

### रेलवे की लापरवाही पर सवाल



**मुंबई.**

मुंबई से मुजफ्फरनगर जाने वाली पवन एक्सप्रेस के बी2 कोच का एसी खराब होने की वजह से ट्रेन में सफर कर रहे एक यात्री की गर्मी से मौत हो गई. वह मुंबई से अपने गांव वापस जा रहा था. यात्री की मौत के बाद बवाल मच गया. मृतक की पहचान बिहार के मोतिहारी के रहने वाले सरफराज के रूप में हुई है, जो अपनी पत्नी और बच्चों के साथ मुंबई के धारावी में रहते थे और अपना गुजर-बसर करते थे.मृतक सरफराज बीमार रहते थे. उनकी पिछले 4 सालों से डायलिसिस भी चल रही थी. सरफराज अपने परिवार के साथ पवन एक्सप्रेस के कोच बी 2 के 23 और 24 नंबर सीट पर सफर कर रहे थे. इस दौरान ट्रेन जब वाराणसी तक पहुंची तो परिवार के लोगों ने एक साथ बैठकर खाना खाया. लेकिन जब ट्रेन वाराणसी से गाजीपुर के लिए आगे बढ़ी तो औड़िहार जंक्शन से पहले ही बोगी का एसी बंद हो गया. इस घटना के बाद मृतक की पत्नी शबनम ने बताया कि वह अपने पति और दो बच्चों के साथ ट्रेन में सफर कर रही थी. मुंबई से वाराणसी पहुंचने तक उनके पति बिल्कुल ठीक थे.

उन्होंने वाराणसी पहुंचने के दौरान सबके साथ बैठकर खाया था. लेकिन जब ट्रेन वाराणसी से आगे पहुंची और एसी बंद हो गया. तब उन्हें घबराहट होने लगी जिसके चलते वह कभी ट्रेन की खिड़की के पास तो कभी गेट के पास जा रहे थे. जब ज्यादा तबीयत बिगड़ गई तो ट्रेन औड़िहार स्टेशन पर रुकी और उन्हें अस्पताल ले जाया गया. लेकिन उनकी मौत हो गई.सरफराज की पत्नी सिलाई-कढ़ाई का काम करती हैं. 19 और 20 जून को सरफराज के भाई और बहन की शादी हैं, जिसमें शामिल होने के लिए उनका पूरा परिवार गांव जा रहा था. लेकिन गांव पहुंचने से पहले ही सरफराज की मौत हो गई. सरफराज की मौत के बाद उनके परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया. उनके घर में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं. वहीं जब इस मामले को लेकर रेलवे पीआरओ अशोक कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि एसी बंद होने से किसी यात्री की मौत नहीं हुई है.

एसी बंद होने की वजह से बोगी में बैठे सभी यात्री गर्मी से बेहाल हो गए और सरफराज की गर्मी से तबीयत बिगड़ गई. जब सरफराज की हालत ज्यादा खराब हो गई तो बोगी के अन्य यात्रियों ने इसकी सूचना आरपीएफ को दी.

## मराठी संस्कृति से जुड़े रहने की मिसाल एनआरआई परिवार

**कोल्हापुर.** अमेरिका में रहने वाली एक महिला सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने अपने बेटे विहान (7 साल) को महाराष्ट्र के सांगली जिले के अटपडी में एक ज़िला परिषद स्कूल में दाखिला करवाया है। विहान अपनी मातृभाषा मराठी सीखना चाहता है। विहान अब अपने चाचा के साथ रहेगा और अपने चचेरे भाइयों के साथ स्कूल जाएगा।विहान की मां, भारती विजयकुमार शेल्के ने बताया कि उनका बेटा उत्तरी कैरोलिना के एक स्कूल में पढ़ रहा था। उस इलाके में ज़्यादातर लोग अंग्रेजी बोलते हैं।

भारती ने कहा कि शुरुआत में, वह मराठी में कुछ शब्द बोल सकता था। लेकिन हमने देखा कि जैसे-जैसे वह बड़ा हुआ, वह अपनी मातृभाषा भूल रहा था, जिससे हमें बहुत दुख हुआ। हम चाहते थे कि वह मराठी सीखे और हमें लगा कि यह सही उम्र है। हमने ज़िला परिषदमराठी स्कूल को इसलिए चुना क्योंकि यह अच्छी शिक्षा पर ध्यान देता है और यहां कम ध्यान भटकाने वाली चीजें हैं। भारती के पति, विजयकुमार, पिछले 15 सालों से अमेरिका में इंजीनियर के तौर पर काम कर रहे हैं। भारती 2016 में शादी के बाद अमेरिका चली गईं। उनके दो बेटे हैं, जिनमें से एक सिर्फ 2 साल का है।

विजयकुमार के पास एल1 वीज़ा है, जो उन्हें अस्थायी रूप से अमेरिका में काम करने की अनुमति देता है। भारती के पास एल 2 वीज़ा है, जो एल1 वीज़ा धारक के पति या पत्नी और अविवाहित बच्चों को अमेरिका में रहने की अनुमति देता है। भारती ने कहा कि वीज़ा खत्म होने में अभी डेढ़ साल बाकी है। हम भारत वापस आने का फैसला कर सकते हैं। ज़िला परिषद स्कूल को तब पहचान मिली जब इसके छात्रों ने प्रतिभा खोज परीक्षाओं में सफलता हासिल की। स्कूल का नाम अब अच्छा हो गया है क्योंकि बच्चे पढ़ाई में अच्छा कर रहे हैं। भारती और विजयकुमार चाहते हैं कि उनका बेटा अपनी संस्कृति से जुड़ा रहे। इसलिए उन्होंने उसे मराठी सिखाने का फैसला किया।

## नवी मुंबई में बनेगा पहला विदेशी डिटेंशन सेंटर



**मुंबई.**

महाराष्ट्र राज्य पुलिस हाउसिंग एंड वेलफेयर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने विदेशी नागरिकों के लिए राज्य के पहले डिटेंशन सेंटर बनाने के लिए टेंडर जारी किया है. यह सेंटर नवी मुंबई के बालेगांव में सीआरपीएफ में बनाया जाएगा, जिसकी क्षमता 200 लोगों को हिरासत में रखने की होगी. इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 33.28 करोड़ रुपये बताई गई है. इस टेंडर की प्रक्रिया 20 मई से शुरू हो चुकी है और एप्लीकेशन जमा करने की अंतिम तिथि 13 जून तय की गई थी. सभी एप्लिकेशन 17 जून को खोली जाएंगी. टेंडर की शर्तों के अनुसार, वर्क आर्डर जारी होने की तारीख से 18 महीनों के भीतर यह प्रोजेक्ट पूरा होनी चाहिए, जिसमें मानसून काल भी शामिल है. इस डिटेंशन सेंटर के प्रस्ताव को साल 2024 में तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनकी कैबिनेट ने मंजूरी दी थी. मौजूदा मुख्यमंत्री उस समय उपमुख्यमंत्री के पद पर थे. मंजूरी मिलने के बाद अब महाराष्ट्र पुलिस हाउसिंग विभाग ने निर्माण प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया है.एक अधिकारी ने बताया कि यह सेंटर ऐसे विदेशी नागरिकों के लिए बनाया जा रहा है जो वीजा एक्सपायर होने के बावजूद भारत में रह रहे हैं या ड्रग तस्करी जैसे मामलों में संलिप्त पाए गए हैं. सूत्रों ने आगे बताया कि, विशेषकर अफ्रीकी देशों के नागरिकों को मौजूदा व्यवस्था में पर्याप्त स्थान के अभाव में हिरासत में रखना मुश्किल होता है. कई बार ऐसे आरोपी डिपोर्टेशन की प्रक्रिया के दौरान रिहा कर दिए जाते हैं और फिर फरार हो जाते हैं. यह सेंटर ऐसी स्थितियों को रोकने में मदद करेगा. इस सेंटर में पुरुष और महिला के लिए अलग-अलग रखने की व्यवस्था होगी, जबकि एडमिनिस्ट्रेशन कार्यालय ग्राउंड फ्लोर पर बनाया जाएगा.

## सीएम फडणवीस ने संतपीठ में ऑडिटोरियम का किया उद्घाटन



**पुणे.** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस बुधवार को पुणे में एक खास उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए. उन्होंने यहां चिखली में संत तुकाराम महाराज संतपीठ के ऑडिटोरियम और आर्ट गैलरी का उद्घाटन किया. इस मौके पर कई सांसद और विधायक समेत साहित्य से जुड़े लोग भी शामिल हुए.ऑडिटोरियम और आर्ट गैलरी के उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर सीएम देवेंद्र फडणवीस के अलावा सांसद श्रीरंग बारणे, विधायक महेश लांडगे, विधायक अमित गोरखे और वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. सदानंद मोरे समेत कई अन्य लोगों की मौजूदगी रही. इस मौके पर संतपीठ के छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सामने संगीत कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी. संतपीठ के छात्रों ने पखावज और तबला वादन का प्रदर्शन किया और शानदार प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया.

## आज का राशिफल

**मेष.** आप अपने कुछ लंबित कार्यों को लेकर सुबह से ही व्यस्त रहेंगे, जिसकी वजह से भाग दौड़ भी करनी पड़ सकती है. कार्यक्षेत्र में आपको एक से अधिक स्रोतों से धन की प्राप्ति होगी.

**वृषभ.** आज आपकी मुलाकात किसी अजनबी से होगी, जो भविष्य में आपके लिए फायदेमंद साबित होंगे. लव लाइफ वाले लोग अपने लव पार्टनर के लिए कोई नया काम शुरू कर सकते हैं.

**मिथुन.** यदि आपका कोई संपत्ति संबंधी विवाद कानून में चल रहा है तो उसमें आपको जीत मिल सकती है और आप परिवार के किसी सदस्य की मदद भी आसानी से कर पाएंगे.

**कर्क.** जीवनसाथी के स्वास्थ्य में अचानक गिरावट के कारण चिंता रहेगी और आपको भाग दौड़ भी करनी पड़ सकती है. अगर आप किसी समारोह में शामिल हों.

**सिंह.** नौकरीपेशा जातकों के करियर में अच्छी उन्नति होगी और प्रमोशन की सूचना भी मिलेगी. जो लोग विदेश से आयात-निर्यात का कारोबार कर रहे हैं.

**कन्या.** आपके कुछ अनावश्यक खर्चे आपके लिए परेशानी ला सकते हैं. कार्यक्षेत्र में कुछ शत्रुओं की चालों को समझना होगा और अपनी चतुर बुद्धि से उन्हें परास्त करना होगा.

**तुला.** आप जिस क्षेत्र में काम करते हैं, आपको उसमें अच्छी तरक्की प्राप्त होगी और धन प्राप्ति के अन्य मार्ग भी बनेंगे.

**वृश्चिक.** आप अपने अटके कार्यों को पूरा करने की कोशिश करेंगे. परिजनों के साथ बैठकर आप अपने मन की कोई इच्छा व्यक्त कर सकते हैं.

**धनु.** आपके कुछ खर्चे बढ़ेंगे, लेकिन आमदनी अच्छी होने से आप आज तनाव मुक्त रहेंगे. घर में वरिष्ठ सदस्यों के साथ किसी मांगलिक कार्यक्रम की चर्चा कर सकते हैं.

**मकर.** आप निश्चित रूप से अपना और दूसरों का भी भला करेंगे. आज आपको किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होकर अच्छा नाम कमाने का मौका मिलेगा।

**कुंभ.** किसी दोस्त से आपको कोई अच्छी बात सुनने को मिल सकती है. यदि आप कोई संपत्ति खरीदने जा रहे हैं तो उसके चल-अचल पहलुओं की स्वतंत्र रूप से जांच कर लें.

**मीन.** व्यापारियों को आज किसी ग्राहक या व्यापारिक पार्टी की वजह से मानसिक तनाव की स्थिति बन सकती है. वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं अन्यथा चोट लगने की आशंका बन रही है.


**मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई–खुली निविदा संख्याः मरेप्रकार्य नागपुर–51–2025 दिनांक 16/06/2025 **अ क्र. 1) कार्य का नामः** सीनियर डीईएन (मध्य) नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत स्टेशन के दोनों छोरों की स्टेशन यार्ड सीमाओं में होम सिग्नल को छोड़कर कूड़ा बीनने, खरपतवार हटाने का प्रस्ताव, नागपुर मंडल पर 1 वर्ष के लिए। **(i) अनुमानित लागत रु.:** 2921400.00 **(ii) बयाना राशी रु.:** 58400.00 **अ क्र. 2) कार्य का नामः** पुल संख्या 836/3 और 836/4, वर्धा–नागपुर खंड में ओआरएन 2 पुलों की मरम्मत प्रस्ताव। **(i) अनुमानित लागत रु.:** 25998607.87 **(ii) बयाना राशी रु.:** 280000.00 निविदा बंद होने की तिथि 09/07/2025 एवं समय 15.00 ई सूचना एवं जानकारी विस्तृत की टेंडरिंग–वेबसाइट रेल हेतु लेने भाग लाइन ऑन तथा **www.ireps.gov.in** देखे।

ANJ/12/91 DRM(Works)/NGP

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

**जाहीर सूचना**

आम जनतेस सुचीत करण्यात येते की माझे पक्षकार यांनी **मौजा- किरणापुर, तहसिल- नागपूर (ग्रामीण) व जिल्हा- नागपूर येथील शेतजमीन जीचा गट/ भुमापन/ शेत सर्व्हे क्रमांक ४४, भूधारणा पध्दती भोगवटदार वर्ग १, तलाठी साझा क्रमांक ७५, जमा रू. ४.००/-, खाते क्र. ३२ असून याची एकुण आराजी २.८५ हेक्टर आर हिस्सापुर्ण** शेतजमीन तसेच त्यावरील झाडझुडपे, तृण, काष्ट, पाषाण तसेच इतर सर्व मालकी अधिकारांसह शेतजमीन जी गाव किरणापुर, तहसिल- नागपूर (ग्रामीण) व जिल्हा- नागपूर येथे स्थित आहे, हि मिळकत **श्री दिलीप वसंत किटे,** राहणार- वसंतराव किटे पोस्ट ऑफिस जवळ, जुनी वसाहत बुटीबोरी, नागपूर, पिन कोड नं. ४४११०८, तहसील व जिल्हा- नागपूर यांचे कडून खरेदी करण्यास इच्छुक असून सदर्हू शेतजमीन मालकाने उपरोक्त शेतजमीन वर फक्त त्यांचीच मालकी असल्याचे तसेच ती तबदील करण्याचे पूर्ण हक्क व अधिकार असल्याचा भरवसा माझे पक्षकारास दिला आहे. उपरोक्त स्थावर मालमत्ते वर कुणाचा कोणताही हक्क, वाद, बोझा, गहाण, हितसंबंध किंवा कुठल्याही प्रकारचा अधिकार आक्षेप असल्यास ही जाहीर सुचना प्रसिध्द झाल्या पासून (७) सात दिवसांचे आत खालील पत्यावर कागदपत्रे आणि इतर पुराव्यासह आपले म्हणणे सादर करावे. त्यानंतर कुठल्याही प्रकारचा हक्क किंवा उजर मान्य केला जाणार नाही. नागपूर, दि. १९.०६.२०२५

**ॲड. अश्विन आर. पाटील**
५४, सावरकर नगर, खामला रोड, नागपूर-१५. मो. ९८२२९३६५५१

Prasanna Publicity 9326927622



**महाराष्ट्र शासन**
**कार्यकारी अभियंता**
**सार्वजनीक बांधकाम विभाग क्र. १**

ई मेलः divinagpur.ee@mahapwd.gov.in.

**ई निविदा सुचना क्र. एस /१९/२०२५ २०२६**

**(सं.माहिती/ नाग/ जाहिरात क्रमांकः १८४/२०२५)**

**कार्यकारी अभियंता सा. बां. विभाग क्र १ नागपूर हे अनुभवी व महाराष्ट्र अस्थापनेच्या नोंदणीचा दाखला असलेल्या एजन्सीकडून खालील कामाकरीता ई निविदा प्रणालीद्वारे ऑनलाईन) विहीत नमुन्यामध्ये (बाबवार दर) निविदा मागवित आहेत. निवदा कागदपत्र शासनाच्या संकेतस्थळावर https://mahatenders.gov.in येथून डाउनलोड करण्यात यावी. अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.**

| Sr. No. | Name of Work | Estt. cost (Rs. in lakhs) | Cost of blank tender form |
|---|---|---|---|
| 1 | Providing Housekeeping, Security Services & Manpower of Chief Engineer Offices under P.W.D. Sub Division No.1, Nagpur (for Two Month) | 74.00 | 1180.00 |

१) या कामाची निविदा माहीती http://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे. सदर निविदा सुचनेची प्रत या कार्यालयातील सुचना फलकावर पहायला मिळेल.
२) निविदेच्या अटी / शर्ती. प्रारूपात दर्शविल्याप्रमाणे राहील.
३) या निविदा सुचनेत काही बदल होत असल्यास वरील वेबसाईटवरती शुध्दीपत्रक प्रकाशित होईल.
४) कोणतेही कारण न दर्शविता अंशतः किंवा संपूर्ण निविदा रद्य अथवा फेरफार करण्याचा अधिकार सक्षम अधिकाऱ्याने राखून ठेवलेला आहे.

**कार्यकारी अभियंता**
**सार्वजनीक बांधकाम विभाग क्र. १**
**नागपूर**

**जावक क्र. ७६२५ दि. १७/०६/२५**
**क्र. संभावज /नाग 184 /2025**



## मेट्रो CLASSIFIED बिजनेस

**DR. NANDI PATH LAB** — NP Committed to your Wellness. OUR SERVICES: • BLOOD TESTS • BIOCHEMISTRY • HEMATOLOGY • MICROBIOLOGY • SEROLOGY & MORE. DR. GAURAV NANDI MBBS, MD (Patho) Ex. ASSTT PROFESSOR SMCW, PUNE. Mobile No.: 8767516249 | 7420869774. Near Nutan Saraswati School, Main Road, Kamptee, Nagpur

**अल्का ब्यूटी पार्लर** — अलग-अलग प्रकार के फेशियल थ्रेडिंग • वैक्सींग • स्पा ट्रिटमेंट हेअर एवं बॉडी हिना ट्रिटमेंट • ब्लीचिंग • मेहंदी ऑर्डर मॅनीक्यूर-पेडिक्यूअर • स्कीन ट्रिटमेंट हेअर पर्मिंग नेल ट्रिटमेंट • हेअर कटिंग पींपल ट्रिटमेंट • त्वचा (स्कीन) केअर मेकअप • हेअर कलरिंग साडी स्टाईल्स यहाँ ब्युटी पार्लर कोर्सेस के क्लासेस लिये जाते हैं। अल्का वि. लाडे 9373108897 / 9373531205 प्लॉट नं. 57-सी, एम्प्रेस मिल क्वॉ. नं. 15 के पीछे, बेझनबाग, नागपुर

**तुळजाभवानी ट्रेडर्स** — कलमना रोड, महालक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, रनाला चौक, कामठी. हमारे यहां गिट्टी, ईटा, राखड, मुरूम आदि का सप्लाई किया जाता है। ठोक व चिल्लर विक्रेता. JCP Work 24 हमारे यहां उपलब्ध है. M.: 7987262970 | 9175172712

**SWARNATYA MUSIC ACADEMY** — Learn Music with Proper Exam Facility. Classes Conducted for • Vocal Classical Singing • Light Music (with Karaoke) • Zumba • Yoga • Crochet • Macrame • Drawing • Paper Crafts. Contact: Mob - 9975757706, 9561674780. Adress: Plot no 212, Bengali Society, Kasturba Nagar, Jaripatka, Nagpur

**श्री सतगुरु ट्रैवल्स** — • 19 मे शिमला मनाली • 2 जून केरल कन्याकुमारी रामेश्वरम • 15 जून आगरा मथुरा वृंदावन • 9 सप्टेंबर केदारनाथ चारधाम यात्र • 10 ऑगस्ट गुजरात राजस्थान. संपर्क आशीष लक्ष्मीनारायण कावळे 7498753939, 93095 96390 8698495200, 9823454945

**ADMISSION OPEN RKS PUBLIC SCHOOL** — NURSERY to Std. IX. OUR FACILITY Computer Lab • Cricket Karate Class • Swimming Pool Skating Class • Basket Ball. M. 8087955831 8956785080. Jaripatka Police Station Road, Nara, Nagpur

**AVANI SOLAR SYSTEM** — GSTIN No.: 27AHYPY4738N1ZX. VANDANA ABHIJEET YADAV Proprietor. AU Avani Udyog (MSEDCL Approved Vendor). Office Address: Ground Floor, LSN 52/3, Ranala Railway Gate, Kamptee, Nagpur - 441 001. E-mail: avanisolarandagriproducts@gmail.com. Cell: +91 9665055266 | +91 8999396631. Sales Office: "G1", Bhavani Apartment, Near Lokvihar, Phase 3, Bhilgaon, Nagpur - 440 026.

**इंग्लिश स्पीकिंग** — E-PLANET SPEAKERS' ACADEMY Talkative, Funny & Tricky. Morning / Evening BATCHES. अंग्रेज़ी बोलना सीखें बिना किताब और कलम से. हम भीड़ में दौड़ना नहीं जितना सिखाते है। » STUDENTS » TEACHERS » HOUSEWIVES » JOB SEEKERS. NEW BATCHES I 5:00 PM TO 6:00 PM I 8:00 AM TO 9:00 AM. 9960462058,7498325477. नया गोदाम, प्रबुध्द नगर, ईस्माइलपुरा, कामठी. डॉ. (प्रा.) अभिषेक चिमणकर

**ZOREN PROPERTY DEALERS** — हमारे यहाँ खेती, फ्लॅट, डुप्लेक्स, घर, बंगलो, फार्म हाऊस, रिसॉर्ट खरेदी और बेचा जाता है. अफसर खान M. 9371381114, 7038696893. सभी प्रकार के प्रॉपर्टी पेपर का काम किया जाता है

**नमोश्री ऑनलाईन जॉब सेन्टर** — विक्रीपत्र, बक्षिसपत्र, मृत्युलेख, हक्क सोडण्याचे लेख, प्रतिज्ञापत्र, हिबानामा, झोन दाखला, बँक प्रतिज्ञा लेख व ईडेलिटी बॅड, आखिव पत्रिका, 7/12, फेरफारपंजी, रजिस्ट्री डाटा इन्ट्री, झेरॉक्स, लेमिनेशन, कलर प्रिंट, वॉटसअप पिंट, आधार कार्ड डाउनलोड. उमेश्वर शामकुंवर M.9326760744. तहसील व कार्ट के सामने, कामठी

**नसीब प्रिंटींग प्रेस** — एस. सुधीर मो. 9372855880. डिजिटल बॅनर • विजिटिंग कार्ड • शादी कार्ड • रबर स्टॅम्प • बुक बाईडिंग • डीटीपी जॉब • रोटा प्रिंटींग • स्क्रीन प्रिंटींग. प्रांजल हॉस्पीटल व दुर्गा स्टॉरेन्ट के सामने, दुर्गा चौक, कामठी

**अंकित एंटरप्राइजेस** — आनंद ठेकेदार : 7219847962. बिल्डिंग कॉन्ट्रैक्टर. हमारे यहां आरसीसी काम, बांधकाम काम, प्लास्टर, टाईल्स काम, पेंटिंग और पीओपी के सभी काम करके मिलेंगे। "सकु आई मंजिल" नया गोदाम, कामठी

**पाठकगणों को विनम्र सूचना :** दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।

**विज्ञान हेतू संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक मोबाइल नं. 9604758944, 9881272088**

## सुविचार

समझनी है जिंदगी तो पीछे देखो जीनी है जिंदगी तो आगे देखो.

## संपादकीय

# मानकों की अनदेखी



उत्तराखंड के चार धाम में हुआ एक और हेलिकॉप्टर हादसा नियमों की अनदेखी, लापरवाही और ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाने की होड़ का नतीजा है। केवल मई-जून में ही हुई पांच दुर्घटनाएं और उनमें 13 लोगों की मौत बताती हैं कि पिछली घटनाओं से सबक नहीं लिया गया और न ही सरकारी कार्रवाई का हेलिकॉप्टर ऑपरेटरों पर असर हो रहा है। निगरानी क्यों नहीं हालिया क्रैश केदारनाथ से लौटते समय गौरीकुंड के पास हुआ। कारण खराब मौसम बताया जा रहा.एसओपी का पालन नहीं करने पर संबंधित कंपनी आर्यन एविएशन के अफसरों पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। लेकिन, इससे यह सवाल भी उठता है कि जब मौसम अनुकूल नहीं था, तो उड़ान हुई कैसे - क्या हेलिकॉप्टर सर्विस पर निगरानी का कोई सिस्टम नहीं है?

कुछ दिनों पहले ही एक कंपनी के दो पायलटों पर इसी मामले में एक्शन लिया गया था। इसके बावजूद एक अन्य कंपनी फिर वही गलती दोहराती है। नियमों की अनदेखी उत्तराखंड में श्रद्धालुओं की संख्या बेहिसाब ढंग से बढ़ी है और इसी के साथ हेलिकॉप्टर सेवा भी। लेकिन, इसमें सुरक्षा मानकों की अनदेखी के आरोप भी खूब लगे हैं। चूंकि यात्रा सीजन सीमित होता है, ऐसे में ज्यादातर कंपनियों का जोर अधिक से अधिक उड़ान भरने और मुनाफा कमाने पर होता है। इसी वजह से कभी उत्तरकाशी जैसे हादसे होते हैं और कभी सड़क पर हार्ड लैंडिंग की तस्वीरें आती हैं। इसका एक पहलू पर्यावरण पर पड़ने वाला नकारात्मक असर भी है। नियमों की अनदेखी: उत्तराखंड में श्रद्धालुओं की संख्या बेहिसाब ढंग से बढ़ी है और इसी के साथ हेलिकॉप्टर सेवा भी। लेकिन, इसमें सुरक्षा मानकों की अनदेखी के आरोप भी खूब लगे हैं। चूंकि यात्रा सीजन सीमित होता है, ऐसे में ज्यादातर कंपनियों का जोर अधिक से अधिक उड़ान भरने और मुनाफा कमाने पर होता है। इसी वजह से कभी उत्तरकाशी जैसे हादसे होते हैं और कभी सड़क पर हार्ड लैंडिंग की तस्वीरें आती हैं। इसका एक पहलू पर्यावरण पर पड़ने वाला नकारात्मक असर भी है।कंपनियों पर नियंत्रण जरूरी कुछ दिनों पहले ही डीजीसीए ने चार धाम कॉरिडोर में उड़ानों की संख्या आधी कर दी और उत्तराखंड सिविल एविएशन डेवलपमेंट अथॉरिटी के कंट्रोल रूम में अपने ऑफिसर भी नियुक्त किए हैं। हालांकि इसके साथ हेलिकॉप्टर सर्विस देने वाली कंपनियों पर अंकुश की भी जरूरत है। मानकों को और कड़ा किया जाना चाहिए। देश के किसी और हिस्से की तुलना में हिमालय में उड़ान भरना अतिरिक्त सावधानी की मांग करता है।

## आलेख
**रमेश लांजेवार**

# जल, भूमि, वायु पर दबाव से बढ़ीं दुर्घटनाएं

### > आधुनिकता और विनाश का बढ़ता खतरा

आज के दौर में जितनी तेजी से आधुनिक सुविधाएं और तकनीक विकसित हो रही हैं, उतनी ही तेजी से दुर्घटनाओं और विनाश की घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं। यह समस्या सिर्फ भारत की नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की बन चुकी है। हाल ही में 12 जून को अहमदाबाद में एक विमान उड़ान भरते ही मेडिकल हॉस्टल से टकरा गया, जिसमें 241 यात्रियों और कई छात्रों की मौत हो गई। इसी तरह केदारनाथ से लौटते समय खराब मौसम के कारण एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ और 7 लोगों की जान चली गई।

मनुष्य की अति और स्वार्थ के कारण प्रकृति भी क्रोधित होती दिखाई दे रही है। मावल के कुंडमाला में पुल टूटने से कई लोग घायल हुए और कुछ की मौत हो गई। पहलगाम में आतंकवादी हमले में 28 निर्दोष पर्यटकों की जान गई। रेल दुर्घटनाएं भी लगातार बढ़ रही हैं, जिससे आम आदमी की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। विश्वभर में युद्ध जैसे हालात बनते जा रहे हैं। इजरायल-ईरान संघर्ष, यूक्रेन-रूस युद्ध और विभिन्न देशों में हो रहे गृहयुद्ध तीसरे विश्व युद्ध की आशंका को जन्म दे रहे हैं। अत्याधुनिक हथियारों और तकनीक का उपयोग अब बड़े पैमाने पर हो रहा है, जिससे जान-माल की भारी हानि हो रही है।

मानव अतिक्रमण के कारण हिमस्खलन, भूकंप, ज्वालामुखी, बाढ़, अत्यधिक गर्मी और ठंड जैसी आपदाएं सामान्य होती जा रही हैं। अब युद्धों से फैली आग और विनाश भी नया खतरा बन गया है। आज की स्थिति में धरती का कोई भी स्थान पूर्णतः सुरक्षित नहीं कहा जा सकता न आकाश, न जल, न जमीन। मनुष्य द्वारा बनाई गई सुविधाएं अब उसके लिए खतरा बनती जा रही हैं। यह समय चेतने का है, वरना मानवता एक बड़े संकट की ओर बढ़ रही है।

## व्यंग्य
**वीरेन्द्र जैन**

# मायके वाले



कल रात मेरी पत्नी कई घंटे इंटरनेट पर जाने क्या तलाशती रही और अमेरिका में होने वाली सुबह के समय फोन घुमाने लगी। 'हैल्लो, हैल्लो में इन्डिया से श्रीमती जैन बोल रही हूं, बुश साहब से बात कराइये' पता नहीं वहां से क्या कहा गया पर वह फोन रख कर प्रतीक्षा करने लगी जिससे लगा कि शायद उसे वहां से कॉल बैक की उम्मीद रही होगी। मुझ से नहीं रहा गया तो मैंने पूछा- किससे बात करनी है?

'शैतान से' वह कुढ और गुस्से के मिले जुले के भाव में बोली। मैं समझ गया कि वह सचमुच ही बुश से बात करना चाहती है। क्रोध में आदमी तो क्या औरतें तक झूठ नहीं बोल पातीं। झूठ बोलने के लिए एक गंभीर किस्म की शांति चाहिये होती है। तो तुम बुश से बात करना चाहती हो मैंने फिर भी कंफर्म कर लेना ठीक समझा क्योंकि वैश्वीकरण से निरंतर घिरती जा रही इस दुनिया में दूसरा भी कोई शैतान या उसका दलाल हो सकता है। हाँ करना चाहती हूं! बोलो? उसके तेवर ढीले नहीं पढे थे।बुश साहब अमरीका के प्रेसिडेंट हैं और अभी कुछ महीने उनका कार्यकाल बाकी है। जाते जाते उन्हें ढेर सारे दूसरे काम भी निपटाने हैं। ईराक में साढ़े छह लाख लोगों को मारने के बाद भी उनके सैनिक वहाँ सुरक्षित नहीं हैं उन्हें बचाना है। ईराक में ही लोगों को मारने के बाद वहां रासायनिक हथियारों की कोई शीशी ढूंढ कर दुनिया को दिखानी है। इराक में सद्दाम हुसैन के डुप्लीकेट तलाशना है तो अफगानिस्तान में लादेन को खोजना है। नेपाल में राजा को बनाये रखना है। हिन्दुस्तान में उसकी सेना के साथ संयुक्त सैनिक अभ्यास कराते रहना है। आखिर मैं तुम्हारा पति हूं और मेरी तुम्हारी विधिवत शादी हुयी है, हमने साथ साथ फेरे खाये हैं, वचन लिये हैं और मैं तुम्हारी रक्षा करता आ रहा हूं.आखिर तुम्हे उस क्लिंटन के उत्तराधिकारी से क्या बात करनी है, मुझे भी बताओ, मेरे साथ बैठ कर बात करो हो सकता है कि मैं कुछ मदद कर सकूं! मैंने अपना इतिहास भूगोल समाजशास्त्र, राजनीति, परंपरा आदि सारा ज्ञान लगाने की कोशिश की पर उसका हाल तो यह था.

# लालू यादव को 'आंबेडकर के अपमान' के मुद्दे पर घेरने में बीजेपी कहां कमजोर पड़ रही है.

लालू यादव के लिए चुनाव से ठीक पहले 'आंबेडकर के अपमान' जैसा विवाद कतई ठीक नहीं है. वैसे तो तेजस्वी यादव ने पिता के बचाव में बयान दे दिया है, लेकिन विवाद थम नहीं रहा है. बीजेपी नेता अलग अलग छोर से ताबड़तोड़ हमले कर रहे हैं, और बिहार के एससी आयोग ने भी नोटिस देकर लालू यादव से जवाब देने को कहा है.

लालू यादव के जन्मदिन की कुछ तस्वीरें सामने आने के बाद भी विवाद होने लगा था, लेकिन आंबेडकर की तस्वीर को लेकर विवाद ज्यादा बढ़ गया. पहले की तस्वीरों और वीडियो में लालू यादव के राजनीतिक विरोधी उनका अहंकार भाव देख रहे थे. जन्मदिन के मौके पर जब समर्थक और कार्यकर्ता गुलदस्ता देकर बधाई दे रहे थे, तो लालू यादव की तरफ से कोई रिएक्शन नहीं हो रहा था, जिसे लोगों को उनकी तरफ से नजरअंदाज किये जाने के रूप में पेश किया जाने लगा. 'आंबेडकर के अपमान' का विवाद तब शुरू हुआ जब बीजेपी के आईटी सेल के चीफ अमित मालवीय ने एक वीडियो शेयर करते हुए ये मुद्दा उठाया. अमित मालवीय ने लालू यादव 'बाबासाहब अंबेडकर का घोर अपमान' किये जाने का आरोप लगाया, और हफ्ते भर बाद फिर से सवाल उठाया है कि लालू यादव ने अब तक माफी क्यों नहीं मांगी? दिसंबर, 2024 में जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी आंबेडकर के बहाने अमित शाह को घेर रहे थे, तब चिराग पासवान और जीतन राम मांझी ने बीजेपी नेता का बचाव किया था. केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी का कहना है कि उनको कोई हैरानी नहीं हुई है, लालू यादव ऐसे ही लोगों का निरादर करते हैं. 11 जून, 2025 को आरजेडी नेता लालू यादव अपना जन्मदिन मना रहे थे. 14 जून को एक वीडियो सामने आया जिसमें लालू यादव कुर्सी पर बैठे देखे जा सकते



हैं. सामने दूसरी कुर्सी पर लालू ने पैर रखे हैं. तभी एक समर्थक आंबेडकर की तस्वीर हाथ में लेकर आता है, और लालू यादव के साथ फोटो सेशन चलता है.

अमित मालवीय का कहना है, उनके जन्मदिन पर बाबासाहब की तस्वीर उनके चरणों में रखी गई और लालू यादव ने न तो उसे उठाया, न सम्मान दिया, और न ही छूना तक जरूरी समझा. खुद को सामाजिक न्याय का ठेकेदार बताने वालों को दलित समाज का वोट तो चाहिए, लेकिन उनके आराध्य पुरुष का अपमान करने से नहीं चूकते. जिस बाबासाहब ने वंचितों को संविधान के जरिए न्याय दिलाया, आज उन्हीं को चरणों में गिरा देना यह सिर्फ अपमान नहीं, एक मानसिकता का पर्दाफाश है. बाबासाहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की तस्वीर के अपमान के आरोप में राज्य के अनुसूचित जाति आयोग की तरफ से बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री को नोटिस भेजा गया है. आयोग ने लालू यादव से 15 दिनों में जवाब देने के लिए कहा है, और स्पष्टीकरण नहीं देने पर एफआईआर दर्ज करने की चेतावनी दी गई है. बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, पूर्व बिहार बीजेपी अध्यक्ष नित्यानंद राय और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी लालू यादव को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की है. सभी की कोशिश दलित समाज के नाम पर लालू यादव को घेरने की लगती है. केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कहते हैं, लालू प्रसाद यादव का 11 जून को जन्मदिन था. उस दिन कोई बाबा साहेब की मूर्ति उन्हें भेंट देने आता है, लेकिन वो अहंकार में यह भूल गए कि संविधान को लागू हुए 75 साल होने पर उनके सम्मान में लोग बाबा साहेब की मूर्ति भेंट दिए. दलितों और पिछड़ों के मसीहा बाबासाहब का अपमान करते हैं, और अहंकार की मुद्रा में बैठे हैं. और तो और वो माफी भी नहीं मांग रहे हैं. इससे उनका दोहरा चरित्र नजर आता है, ऐसे अहंकारी नेता को बिहार की जनता सबक सिखाने वाली है. बीजेपी नेता हमलावर हैं, और अमित मालवीय मुहिम जारी रखे हुए हैं. लिखते हैं, पटना की सड़कों पर दिखे पोस्टर ने एक बार फिर आरजेडी की दलित विरोधी मानसिकता पर सवाल खड़े कर दिए हैं.

पोस्टर में सीधा सवाल 7 दिन हो गए, अब माफी कब मांगेंगे लालू और तेजस्वी? बाबासाहब आंबेडकर के अपमान पर अब तक चुप्पी क्यों? क्या यही है सामाजिक न्याय का दावा? बीजेपी के निशाने पर आने के बावजूद लालू यादव खामोश हैं. रिएक्ट नहीं कर रहे हैं. क्या लालू यादव बीजेपी के हमलों का जवाब देने के लिए किसी खास मौके का इंतजार कर रहे हैं? पिछले साल आंबेडकर के अपमान का मुद्दा उछलने के बाद अमित शाह को तो सफाई देनी पड़ी थी. आखिर बीजेपी लालू यादव पर दबाव क्यों नहीं बना पा रही है?

## कहानी
**राकेश भ्रमर**

# पांचवां घर



सुनीता आज फिर देर से घर लौटी थी. एक हफ्ते से यहीं हो रहा था. पहले छः बजे तक काम करके वापस आ जाती थी. अब साढ़े आठ बज जाते हैं. कभी-कभी तो नौ भी बच्चे भूख से बिलखते रहते हैं. रूखा-सूखा जो घर में होता है, खाकर पड़ रहते हैं. सुनीता जब भी वापस आती है, कुछ रोटियां, पका हुआ चावल, दाल और सब्जी लेकर आती है. वहीं बच्चों को खिला देती है. फिर सारे घर के लिए खाना बनाने में जुट जाती है. मंगतराम को यह पसंद नहीं था. वह खुद बेरोजगार था. बीवी की कमाई की रोटियां तोड़ता था, परन्तु बीवी रात को किसी के घर काम करने जाए, यह उसे पसंद नहीं था. पहले सुबह-शाम काम करके लौट आती थी. एक ही सोसायटी के चार घर पकड़ रखे थे. उसी सोसायटी में पांचवां घर मिल गया था. उस घर का सारा काम करना पड़ता था. सुबह-शाम नाश्ता व खाना भी बनाना पड़ता था. मंगतराम को इस बात से कष्ट नहीं था कि सुनीता ने पांचवां घर पकड़ लिया था. जब वह रात में घर आने लगी तो उसे शक हुआ. पूछा तो सुनीता ने बताया कि पांचवें घर में केवल एक साहब रहते हैं. सुबह-शाम झाड़ू-पोछा के साथ-साथ नाश्ता और खाना भी बनाना पड़ता है. मंगतराम का मन शंकाओं से ग्रस्त हो गया. अकेला आदमी साथ में अकेली काम करने वाली बाई. तीन बच्चों की मां बनने के बाद भी बदन में आकर्षण था. चेहरा भी भरा-भरा था. मेहनत करने से बदन में चर्बी नहीं चढ़ी थी. दो-तीन घंटे अकेले साथ रहने पर क्या आदमी का मन उस पर नहीं रीझेगा? उसका मन नहीं करेगा कुछ करने का? मंगतराम बेरोजगार था, अतः कमाऊ बीवी पर शक करने का हक था. बेरोजगार, निकम्मे, निठल्ले और कामचोर पति अक्सर बीवियों पर शक करते हैं. खपरैल की कोठरी थी उनकी. साथ में मां बाप भी रहते थे. जब उनकी शादी हुई तो बीच में मिट्टी की दीवार उठा दी थी. एक तरफ मां-बाप रहते थे. दूसरी तरफ मंगतराम अपनी बीवी और बच्चों के साथ शादी-ब्याह में बाजे बजाता था. खुद उसका बैंड नहीं था. जहां काम मिलता था, कर लेता था. बाप भी यहीं काम करता था. अब बूढ़ा हो गया था, पाइप बजा नहीं पाता था. सांस फूल जाती थी. घर में बैठ गया था. यहीं काम मंगतराम ने सीख लिया था. परन्तु शादी-ब्याह का एक निश्चित समय होता है. पूरे साल उसकी कमाई पर निर्भर नहीं रहा जा सकता था. दूसरा काम करता तो इतनी तंगी नहीं झेलनी पड़ती, परन्तु मंगतराम इतना आलसी था कि दूसरा काम उसे भाता ही नहीं था. लिहाजा घर में पड़ा मुफ्त की रोटियां तोड़ता रहता था.

## लोककथा
**सुषमा गुप्ता**

# औरतों ने अपना बड़ापन कैसे खोया

बहुत समय पुरानी बात है कि एक बार औरतों ने आपस में विचार किया कि यह क्या बात है कि हमेशा हम लोगों को ही आदमियों की आज्ञा माननी पड़ती है। कभी ऐसा भी तो हो जब वे लोग हमारी आज्ञा मानें। ऐसा विचार कर उन्होंने आदमियों से कहा. 'अब बहुत दिन हो गये हम लोगों को आपकी आज्ञा मानते हुए अब आप हमारा कहा मानिये।'

आदमियों ने कहा. इससे पहले कि हम अपना बड़ापन तुम लोगों को दें हम आपस में सलाह कर लें।"सब आदमियों ने मिल कर एक सभा की और आपस में यह निश्चय किया कि अगर औरतें अच्छी नेता बन कर यह साबित कर दें कि वे सब हालातों को ठीक से सँभाल सकतीं हैं तो हम उनको अपना बड़ापन दे देंगे। ऐसा निश्चय कर उन्होंने औरतों को बुलाया और अपना निश्चय उनको बताया और कहा - 'तुम लोग यह बड़ापन ले लो और आज से हमारी नेता बन जाओ।' औरतें यह सुन कर बहुत खुश हुईं।

पुराने समय के लोग खानाबदोशों की ज़िन्दगी बिताते थे और अपने जानवरों को लेकर इधर से उधर घूमते रहते थे। समूह में जो बड़ा आदमी होता था वही आज्ञा देता था और उसी की आज्ञा से समूह में सारा काम होता था। अब यह बड़ापन औरतों के पास आ गया था इसलिये समूह का सारा काम अब उन्हीं की आज्ञा से होना था। एक दिन उस समूह की बड़ी औरत ने यह निश्चय किया कि अब उस जगह से जाने का समय आ गया है सो वहाँ से चल कर कहीं और रहना चाहिये।आदमी लोग तो सब तैयार हो गये परन्तु एक औरत बोली - 'अभी अभी तो मैंने अपने सिर में मक्खन लगाया है।

अभी मैं अगर धूप में चली तो मेरे सिर का सारा मक्खन पिघल जायेगा और मेरे मुँह पर बह निकलेगा। और फिर इतनी कड़ी धूप में हम अपने जानवर भी तो नहीं ले जा सकते।' ऐसा कह कर उसने जाने से मना कर दिया। इस पर बड़ी औरत ने कहा - 'अच्छा तो फिर हम शाम को चलेंगे जब धूप कम हो जायेगी।' जब शाम को वे सब चलने के लिये तैयार हुए तो आदमी लोग तो सब फिर तैयार हो गये पर एक दूसरी औरत बोली - 'अगर हम शाम को चलेंगे तो अँधेरे में हमको ठीक से दिखायी न देने की वजह से हमारे पैरों को ठोकर लगेगी, कांटे भी चुभेंगे, इससे हम गिर भी सकते हैं और मर भी सकते हैं। इसलिये हम रात को कैसे जा सकते हैं।' इस तरह वे लोग उस रात को भी नहीं जा सके। अगले दिन आदमियों ने कहा - "तुम लोग बड़े होने के लायक ही नहीं हो।

तुमको तो आदमियों की ही आज्ञा माननी चाहिये।" इस तरह औरतों ने अपना बड़ापन खो दिया और वे फिर से आदमियों की गुलाम हो गयीं जो वे आज तक हैं।

# आलोचना

साहित्य की वैतरणी तरना हो तो किसी आलोचक गैया की पूंछ पकड़ो, फिर सींग चलाने का काम उसका और यश बटोरने का काम कमल मुख का. आलोचना के प्रति अपनी प्राइवेट राय जाहिर करने के पूर्व मैं आपको यह बताऊं कि आलोचना है क्या? यह प्रश्न मुझसे अक्सर पूछा जाता है. साहित्यरत्न की छात्राएँ चूंकि आलोचना समझने को सबसे ज्यादा उत्सुक दिखाई देती हैं इसलिए यह मानना गलत न होगा कि आलोचना साहित्य की सबसे टेढ़ी खीर है. टेढ़ी खीर इसलिए कि मैं कभी इसका ठीक उत्तर नहीं दे पाता. मैं मुस्कराकर उन लड़कियों को कनखियों से देखकर कह देता हूँ, 'यह किसी आलोचक से पूछिए, मैं तो कलाकार हूँ.'

खैर, विषय पर आ जाऊँ. आलोचना शब्द लुच् धातु से बना है जिसका अर्थ है देखना. लुच् धातु से ही बना है लुच्चा. आलोचक के स्थान पर आलुच्चा या सिर्फ लुच्चा शब्द हिन्दी में खप सकता है. मैंने एक बार खपाने की कोशिश भी की थी, एक सुप्रसिद्ध आलोचक महोदय को सभा में परिचित कराते समय पिछली जनवरी में वातावरण बहुत बिगड़ा. मुझे इस शब्द के पक्ष में भयंकर संघर्ष करना पड़ा. आलोचक महोदय ने कहा कि आप शब्द वापस लीजिए. जनता ने भी मुझे चारों ओर से घेर लिया. मुझे पहली बार यह अनुभव हुआ कि हिंदी भाषा में नया शब्द देना कितना खतरा मोल लेना है. मैंने कहा, मैं शब्द वापस लेता हूँ. पर आप यह भूलिए नहीं कि आलोचना शब्द 'लुच' धातु से बना है.

अस्तु, बात आई गई हो गई. मैंने इस विषय में सोचना और चर्चा करना बंद सा कर दिया. पर यह गुत्थी मन में हमेशा बनी रही कि आलोचक का दायित्व क्या है? वास्तव में साहित्य के विशाल गोदाम में घुसकर बेकार माल की छंटाई करना और अच्छे माल को शो-केस में रखवाया आलोचक का काम माना गया है, जिसे वह करता नहीं. वह इस चक्कर में रहता है कि अपने परिचितों और पंथ वालों का माल रहने दें, बाकी सबका फिंकवा दें.

यह शुभ प्रवृत्ति है और आज नहीं तो कल इसके लाभ नजर आते हैं. कोशिश करते रहना समीक्षक का धर्म है. जैसे हिंदी में अभी तक यह तय नहीं हो पाया है कि मैथिलीशरण गुप्त, निराला और कविवर कमल मुख में कौन सर्वश्रेष्ठ है.

## बालकथा
**दीनदयाल शर्मा**

# कौवा काला क्यों

हजारों वर्ष पहले की बात है। तब संसार के सभी पक्षियों का रंग सिर्फ सफेद ही होता था। यह देख कर एक दिन ब्रह्मा जी ने सोचा कि बेचारे भोले-भाले पक्षी एक ही रंग के कारण कितने दुखी हैं। अतः इस सम्बन्ध में चंदन वन में सभी पक्षियों की एक बैठक बुलवाई। बैठक में संसार के अनेक पक्षियों के अलावा कीड़े-पतंगे भी आए।चन्दन वन के बीच में लगे बरगद के पेड़ के नीचे बैठक आरंभ हुई। ब्रह्मा जी ने वहां लगे आसन पर अपना स्थान ग्रहण किया। सारे पक्षी एवं कीड़े पतंगे उनके चारों और बैठ गए।कुछ देर ब्रह्मा जी खड़े हुए और पक्षियों से बोले, 'मेरे प्यारे पक्षियों, तुम सभी को केवल सफेद रंग में देखता हूं तो पहचानना मुश्किल हो जाता है. कि किस पक्षी का क्या नाम है। तुम्हें भी आपस में एक दूसरे को पहचानने में काफी दिक्कत होती है। कौवा बोला, 'हां भगवन्, हमें बहुत दिक्कत होती है।' अच्छा ठीक है, बीच में मत बोलो। हां तो आज यह बैठक इसलिए बुलाई गई है कि तुम सबको अपनी अपनी पसंद के अनुसार सुन्दर-सुन्दर रंग दिया जा सके। ऐसा करने से तुम सबकी एक अलग पहचान होगी। फिर तुम्हें पहचानने में कोई कठिनाई नहीं होगी।' ब्रह्मा जी ने कहा और फिर सभी से पूछा, 'हमारी राय कैसी लगी आप सबको?' 'बहुत अच्छी भगवन्।' सभी पक्षी एक साथ बोले। फिर ब्रह्मा जी ने कहा, 'साथियों, आज तुम अपनी अपनी पसंद का रंग मांगो। रंग मांगने में कोई संकोच नहीं करना। जैसा रंग तुम चाहोगे, वैसा ही मिलेगा।' इतना कह कर ब्रह्मा जी आसन पर बैठ गए। ब्रह्मा जी की बात सुन कर सभी पक्षी खुशी से चहचहाने लगे। मोर की पीऊ-पीऊ, तोते की टीऊ-टीऊ, कौवे की कांव-कांव, मुर्गे की कुकड़ू-कु कबूतर की गुटर-गूं और कोयल की मधुर कू-कू की आवाज से सारा चंदन वन गूंज उठा। कुछ देर बाद बैठक में आए सभी पक्षियों एवं कीड़ों-पतंगों को बारी-बारी से अपनी- अपनी पसंद का रंग दिया जाने लगा। सबके अंत में कौवे की बारी आई। कौवे ने पीला रंग मांगा। ब्रह्माजी ने उसे पीले रंग का बना दिया। कौवा अपना पीला रंग देखकर बोला, 'भगवन् पीला रंग मुझे अच्छा नहीं लगता। मुझे तो नीला रंग दे दो।'ब्रह्माजी ने उसे नीला रंग दे दिया तो पीले रंग पर नीला रंग चढ़ते ही कौवा हरे रंग का हो गया। हरा रंग देखकर कौवा बोला, 'भगवन्, मुझे लाल रंग दे दो, हरा अच्छा नहीं लगता।'

और जब उसे लाल रंग दिया तो वह बैंगनी रंग का हो गया। कौवा अपना बैंगनी रंग देखकर बोला, 'भगवन. यह तो अच्छा नहीं लगता, कोई और रंग दे दो।' कौवे की बात सुनकर ब्रह्मा जी को गुस्सा आ गया। उन्होंने गुस्से से कौवे को काले रंग का बना दिया। ब्रह्मा जी बोले, 'मूर्ख, तुझे कोई रंग पसंद नहीं आता। जा, तेरी यही सजा है कि तू अब हमेशा काले रंग का ही रहेगा।' कौवा अपना काला रंग देखकर बोला, 'भगवन्, मुझे काला रंग तो बिलकुल ही अच्छा नहीं लगता। चलो, पीला ही दे दो।' ब्रह्मा जी ने कहा, 'नहीं अब कुछ नहीं हो सकता, क्योंकि तूने अपने द्वारा मांगे रंग पर संतोष नहीं किया। अब तू हमेशा काले रंग का ही रहेगा।' और उस दिन के बाद से कौवे का रंग काला हो गया।

# योगिनी एकादशी पर दान से दूर होगी धन की चिंता

हिंदू धर्म में एकादशी व्रत को बहुत महत्व दिया जाता है. आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी को योगिनी एकादशी कहते हैं. इस दिन भगवान विष्णु के लिए व्रत रखा जाता है, साथ ही इस दिन घर-परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहे उसके लिए भी उपाय किए जाते हैं. योगिनी एकादशी का व्रत करने से समस्त पापों का नाश होता है और श्री हरि भगवान की कृपा भी बनी रहती है. साल 2025 में योगिनी एकादशी का व्रत 21 जून, 2025 शनिवार के दिन रखा जाएगा. इस दिन दान पुण्य करना विशेष महत्व है. इस दिन दान करना बहुत लाभकारी माना गया है. जानते हैं इस दिन किन उपाय और दान को करने से मां लक्ष्मी और विष्णु जी का आशीर्वाद प्राप्त हो सकता है. योगिनी एकादशी के दिन आप कपड़ों का दान कर सकते हैं. इस दिन कोशिश करें और नए कपड़े जरूरतमंदों को दान में दें अन्यथा किसी ब्राह्मण को दान दें. कोशिश करें इस दिन पीले रंग के वस्त्र ही दान में दें. विष्णु भगवान का प्रिय रंग पीला है, इसलिए इस दिन इस रंग के वस्त्र दान में देने से उनकी कृपा बनी रहती है और घर-परिवार में खुशहाली आती है.


# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है बढ़ कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने जड़ की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सास (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप, चित्रकहरीतकी, वासावलेह, स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल, तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप, एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा, श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स



डॉ. आकांशा रा. गुप्ता B.A.M.S, MD, (A.M) C.C.H, C.G.O, C.V.D
डॉ. पारुल मोहित गुप्ता B.A.M.S, PG-DEMS NDDY, CCNY, CCHC
डॉ. रचना मयूर गुप्ता B.A.M.S, MD,
डॉ.अतुल तेलरांदे B.A.M.S, MD, M.I.S.R (Mum), C.C.H, C.G.O, C.S.D, C.V.D
डॉ. विनोद तिवारी बी.ए.एम.एस, पी.ओ.डी.

सीताबर्डी स्थित शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080


**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, गुरुवार, 19 जून 2025



## आईटीआई प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन शुरू

**गढ़चिरोली.** गढ़चिरोली जिले के सभी तालुकाओं में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन शुरू की गई है। स्थानीय युवाओं को रोजगारोन्मुखी शिक्षा के अवसर प्रदान करने के लिए कौशल विकास, रोजगार और उद्यमिता विभाग के मार्गदर्शन में यह प्रवेश प्रक्रिया लागू की जा रही है। जिले के गढ़चिरौली, अहेरी, एटापल्ली, भामरागड़, धानोरा, कुरखेड़ा, चामोर्शी, सिरोंचा, वडसा (देसाईगंज) और आरमोरी के सभी तालुकाओं में आईटीआई संस्थानों में विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश दिए जा रहे हैं। इनमें ड्राफ्ट्समैन, आर्किटेक्ट, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, वेल्डर, वायरमैन, कोपा, मैकेनिक मोटर व्हीकल, ड्रेस मेकिंग, डाटा एंट्री ऑपरेटर आदि जैसे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमों में कम से कम 10वीं कक्षा उत्तीर्ण और कुछ पाठ्यक्रमों के लिए 8वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र प्रवेश लेने के पात्र हैं। इच्छुक विद्यार्थियों से अनुरोध है कि वे जिला व्यवसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण अधिकारी गढ़चिरोली की ओर से आधिकारिक वेबसाइट http://admission.dvet.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन पत्र भरें। आवेदन पत्र भरते समय विद्यार्थियों को अपना शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) आदि अपलोड करना आवश्यक है। प्रवेश के बाद प्रशिक्षण पूरा करने वाले विद्यार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से अप्रेंटिसशिप, जॉब फेयर और स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए स्थानीय आईटीआई कार्यालय या जिला व्यवसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण अधिकारी गढ़चिरौली से संपर्क करें। साथ ही इच्छुक विद्यार्थी प्रवेश के लिए वेबसाइट http://admission.dvet.gov.in का उपयोग करें, ऐसी अपील गढ़चिरोली आईटीआई के प्राचार्य एस.एस. चौधरी ने की है।

# हिंदुत्व के मुद्दे पर ठाकरे बंधुओं को भाजपा के साथ आना चाहिए

### इंडिया अगेंस्ट करप्शन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमंत पाटिल की अपील

**चंद्रपुर, सुनील तायडे.**



इंडिया अगेंस्ट करप्शन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और ओबीसी नेता हेमंत पाटिल ने अपील की कि मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे को हिंदुत्व के मुद्दे पर एक साथ आना चाहिए और आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा के साथ गठबंधन करना चाहिए। महाराष्ट्र और हिंदुत्व के लोगों की आवाज़ को फिर से एकजुट करने का यह सही समय है। राज और उद्धव ठाकरे दोनों ही बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा से निकले नेता हैं। पाटिल ने कहा कि दोनों को अपने मतभेदों को भूलकर एक साथ आना चाहिए। पाटिल ने कहा कि राज्य में हिंदुत्व का एक मजबूत राजनीतिक विकल्प बनाने के लिए मनसे, उद्धव ठाकरे की शिवसेना और भाजपा को एक साथ चुनाव लड़ना चाहिए। इससे राज्य की राजनीति को नई दिशा मिलेगी और स्थानीय स्तर पर एक निर्णायक और रणनीतिक रूप से उपयुक्त सरकार बनेगी। वर्तमान में स्थानीय स्वशासन संस्थाओं में प्रशासनिक शासन है। कई स्थानों पर भ्रष्टाचार, अपारदर्शी शासन और जनता के मुद्दों की उपेक्षा है। ऐसी स्थिति में पाटिल ने राय व्यक्त की कि आगामी चुनावों में केवल एक मजबूत, राष्ट्रवादी और हिंदुत्व-निष्ठ गठबंधन ही प्रभावी विकल्प हो सकता है। इस गठबंधन की मुख्य दिशा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी भाइयों सहित राज्य के लोगों का सशक्तिकरण होना चाहिए। हिंदुत्व केवल एक धार्मिक अवधारणा नहीं है, यह सामाजिक एकता और राष्ट्रीय पहचान की भावना है। पाटिल ने दोहराया कि ठाकरे भाइयों को राजनीति से परे जाकर एक साथ आना चाहिए। मनसे का जन्म राज और उद्धव के बीच मतभेद के बाद हुआ था। हालांकि, पाटिल ने दावा किया कि चूंकि वे हिंदुत्व पर आधारित एक समान विचारधारा साझा करते हैं, इसलिए यह गठबंधन आगामी नगरपालिका, जिला परिषद, नगर परिषद और पंचायत समिति चुनावों के मद्देनजर राज्य के राजनीतिक समीकरणों में बड़ा बदलाव ला सकता है।

# जिला आपदा प्रबंधन की चैट बोट प्रणाली का शुभारंभ

### नागरिकों को व्हाट्सएप पर आपदा प्रबंधन की तत्काल और आधिकारिक जानकारी मिलेगी

**गढ़चिरोली.**

जिले में आपदा प्रबंधन से संबंधित तत्काल, सटीक और आधिकारिक जानकारी नागरिकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को आसानी से उपलब्ध कराने के लिए, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गढ़चिरोली द्वारा एक आधुनिक चैट बोट प्रणाली शुरू की गई है और इस प्रणाली का शुभारंभ जिला कलेक्टर अविश्यंत पंडा ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर नितिन गावंडे, निवासी उप जिला कलेक्टर सुनील सूर्यवंशी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नीलेश तेलतुंबडे, सहायक राजस्व अधिकारी स्वप्निल माटे और बाढ़ समन्वय अधिकारी गोपीचंद गव्हारे उपस्थित थे। यह प्रणाली व्हाट्सएप पर आधारित है और जिले में वर्षा, बांध डिस्चार्ज, नदी जल स्तर की वर्तमान

Ddma Gadchiroli
WhatsApp business account

स्थिति, मौसम पूर्वानुमान, संपर्क टूट चुके गांवों और शहरों, बंद सड़कों की सूची, प्रशासन से महत्वपूर्ण निर्देश, बिजली से बचाव के उपाय आदि के बारे में आसानी से अद्यतन और आधिकारिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसके लिए नागरिकों को मोबाइल में 8275371485 नंबर को DDMA गढ़चिरोली के नाम से सेव करना चाहिए और व्हाट्सएप पर 'Hi' जैसा संदेश भेजना चाहिए। उसके बाद, प्राप्त मेनू से वांछित जानकारी का चयन किया जा सकता है। इस नंबर को क्यूआर कोड को स्कैन करके भी मोबाइल में सेव किया जा सकता है। इसके साथ ही जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल को इस लिंक https://whatsapp.com/channel/0029VbAPkzTKGGG8KdTvgY41 से फॉलो किया जा सकता है। आपातकालीन स्थिति में जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष क्रमांक 07132-222031 व 222035 तथा मोबाइल नम्बर 9423911077, 8275370508, 8275370208 पर सम्पर्क करें। पुलिस नियंत्रण कक्ष के सम्पर्क नम्बर 07132-223142, 223149 तथा मोबाइल नम्बर 9403801322 हैं। जिला कलेक्टर अविश्यंत पंडा ने अधिकाधिक नागरिकों व विद्यार्थियों से इस व्यवस्था का लाभ उठाने की अपील की है।

# लोकतंत्र सेनानियों के लिए 20,000 रुपये मासिक मानदेय को मंजूरी: मुनगंटीवार

### 4,103 लोकतंत्र सेनानियों को न्याय दिलाने के लिए मुनगंटीवार को धन्यवाद, सुधीर मुनगंटीवार ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का आभार व्यक्त किया



**चंद्रपुर.**

आपातकाल के दौरान अपने परिवार और खुद की चिंता किए बिना कारावास सहकर देश के लिए लड़ने वाले लोकतंत्र सेनानियों को 20 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय दिए जाने की मांग को लेकर राज्य के पूर्व वन, सांस्कृतिक मामले और मत्स्य मंत्री विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने विधानसभा में एक बयान के माध्यम से आवाज उठाई थी। उसके बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से भी एक बयान के माध्यम से मांग की गई थी। आज राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। विधायक सुधीर मुनगंटीवार की पहल के कारण ही यह संभव हो पाया है, लोकतंत्र सेनानियों ने इन शब्दों में उनका आभार व्यक्त किया है। विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने बहुत ही संवेदनशील मुद्दे पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान दिया। उसके बाद 4 हजार 103 लोकतंत्र सेनानियों को न्याय मिला है। इसलिए विधायक मुनगंटीवार ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को भी धन्यवाद दिया है। कैबिनेट की मंजूरी के अनुसार, एक महीने से अधिक समय तक जेल में रहने वाले आपातकालीन सेनानियों को 20 हजार रुपये मासिक मानधन दिया जाएगा और उनके जीवित जीवनसाथी को 10,000 रुपये दिए जाएंगे। इसी तरह, कैबिनेट ने एक महीने से कम समय तक जेल में रहने वाले आपातकालीन सेनानियों को 10,000 रुपये प्रति माह और उनके जीवित जीवनसाथी को 5,000 रुपये का भुगतान करने की मंजूरी दी है। लोकतंत्र सेनानियों को मानदेय मिलने में आ रही दिक्कतों और अन्य प्रशासकीय मामलों के बारे में मुनगंटीवार ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को एक ज्ञापन सौंपा था। मामले का संज्ञान लेकर सरकार के संज्ञान में लाने के बाद मुनगंटीवार ने लगातार फॉलोअप भी किया। मंगलवार 17 जून को कैबिनेट की मंजूरी मिलने से ये प्रयास सफल हुए हैं। लोकतंत्र सेनानी संघ (जालना, परतुर) के कार्याध्यक्ष रघुनाथ दीक्षित, महासचिव विश्वास कुलकर्णी (जलगांव), प्रदीप ओगले (सांगली), अरुण भिसे (यवतमाल), पांडुरंग जिंजुरडे (यवतमाल) और यादवराव गहूकर (यवतमाल), श्रीकांत शिंदे (सांगली) विधायक सुधीर मुनगंटीवार से मुलाकात कर इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा था। स्वतंत्रता सेनानियों के लिए सम्मान निधि में पर्याप्त वृद्धि करने की मांग विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को ज्ञापन के माध्यम से की थी। मुनगंटीवार ने ज्ञापन में राजस्थान सरकार के निर्णय का हवाला दिया था। राजस्थान सरकार ने लोकतंत्र सेनानी सम्मान के रूप में पेंशन राशि बढ़ाकर 20 हजार रुपये कर दी है। साथ ही, वहां स्वास्थ्य और चिकित्सा सहायता के रूप में हर महीने 4 हजार रुपये की राशि दी जाती है। वर्तमान में, महाराष्ट्र में 4 हजार 103 स्वतंत्रता सेनानी सम्मान निधि के लिए पात्र हैं। राजस्थान सरकार की अधिसूचना को ध्यान में रखते हुए, मुनगंटीवार ने मुख्यमंत्री से मांग की थी कि महाराष्ट्र में भी इस सम्मान निधि को बढ़ाया जाना चाहिए। विधानसभा में विधायक मुनगंटीवार ने चर्चा के माध्यम से चर्चा की शुरुआत की। उसके बाद विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों से विधायकों का चर्चा में भाग लेना और सरकार के ध्यान में यह मुद्दा लाना विधायक मुनगंटीवार के कारण ही संभव हो पाया। यह भी उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने मुनगंटीवार द्वारा दिए गए बयान पर कार्रवाई करने के आदेश भी दिए थे।

# भामरागड़ पुलिस ने चोरी के आरोपी को पहचान छिपाकर तेलंगाना भागते समय किया गिरफ्तार

**भामरागड़.**



भामरागड़ शहर में 30 मई की सुबह जब संदीप मोगरे अपने परिवार के साथ सो रहे थे, तभी एक अज्ञात चोर ने घर में सेंध लगाई, जो अंदर से बंद था और बेडरूम में रखी अलमारी से 1,82,000 रुपए की नकदी चुरा ली। संदीप मोगरे की पत्नी की शिकायत पर भामरागड़ पुलिस थाने में चोरी का मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। चोर का कोई सुराग न मिलने और कोई प्रत्यक्षदर्शी न होने पर भामरागड़ पुलिस ने गुप्त सूचना और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर अंकुश जयराम जोडे (21) पर संदेह किया, जो बामनपल्ली का निवासी है और वर्तमान में शिक्षा के लिए भामरागड़ शहर में किराए के मकान में रह रहा है।

जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, अंकुश जोडे ने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया और छिप गया। जिससे पुलिस को उस पर शक हुआ। संदिग्ध के परिवार और दोस्तों सहित लगभग 38 लोगों से गहन पूछताछ के बाद, पुलिस टीम इस निष्कर्ष पर पहुंची कि अपराध अंकुश जोडे द्वारा किया गया था। तब तक, संदिग्ध अंकुश जोडे कुछ दिनों से एक झुग्गी इलाके में रह रहा था और अपनी पहचान छिपाकर काम की तलाश में तेलंगाना राज्य के करीमनगर जिले के ग्रामीण इलाकों में चला गया था।

पुलिस ने तकनीकी जांच और गवाहों से पूछताछ के जरिए उसका पता लगाने में सफलता हासिल की और उसे 14 जून, 2025 को तेलंगाना राज्य के करीमनगर से गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान पता चला कि उसने चोरी के पैसों से चंद्रपुर से एक मोटरसाइकिल खरीदी थी और पैसे का इस्तेमाल शराब और गहनों में किया था। पुलिस ने मोटरसाइकिल, अपराध में उसके द्वारा इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन और नकदी जब्त कर ली है। भामरागढ़ उपविभागीय पुलिस अधिकारी अमर मोहिते के मार्गदर्शन में, भामरागढ़ पुलिस स्टेशन प्रभारी पुलिस निरीक्षक दीपक डोंब, महिला पुलिस उपनिरीक्षक निकिता खाडेकर, पुलिस नायक ज्ञानेश्वर निलावर, पुलिस अनमलदार रामेश्वर जावरे आकाश सिदाम ने यह गौरवशाली कारनामा किया.

# 'पेसा' नियमों के उल्लंघन का आरोप

### गढ़चिरोली एयरपोर्ट भूमि अधिग्रहण को हाईकोर्ट में चुनौती...

**गढ़चिरोली.**

शहर में प्रस्तावित एयरपोर्ट को लेकर विवाद अब हाईकोर्ट पहुंच गया है और पुलखल ग्रामसभा ने इस संबंध में याचिका का संज्ञान लेकर भूमि अधिग्रहण को चुनौती दी है। चूंकि उक्त क्षेत्र अनुसूचित क्षेत्र में आता है, इसलिए भूमि अधिग्रहण के लिए ग्रामसभा की अनुमति आवश्यक है। हालांकि, याचिकाकर्ताओं ने दावा किया है कि प्रशासन ने इस नियम का उल्लंघन किया है। मामले में सुनवाई के बाद हाईकोर्ट की नागपुर खंडपीठ ने प्रशासन को नोटिस जारी कर तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। एयरपोर्ट के लिए गढ़चिरोली शहर के नजदीक नवेगांव, मुरखाला, मुदजा, पुलखल क्षेत्रों में कृषि भूमि का अधिग्रहण करने का प्रस्ताव है।

इस संबंध में प्रशासन द्वारा प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। यह क्षेत्र कोटगल उपसा सिंचाई के लाभ क्षेत्र में आता है। यहां के नागरिकों के लिए आजीविका का एकमात्र साधन कृषि है और हवाई अड्डा गांव के झील, तालाब, नाले, झाड़ियां, जंगल और कृषि क्षेत्र को नष्ट कर देगा। पुलखाल ग्राम सभा ने हवाई अड्डे के लिए कृषि भूमि नहीं दिए जाने का प्रस्ताव पारित करके गांव की सीमा के भीतर भूमि अधिग्रहण का विरोध किया है। चूंकि पुलखाल गांव भारतीय संविधान के अनुसूचित क्षेत्रों में आता है, इसलिए 'पेसा 2014' अधिनियम में प्रावधान है कि भूमि अधिग्रहण से पहले ग्राम सभा से अनुमति लेना आवश्यक है। लेकिन जिला कलेक्टर ने बिना किसी अनुमति के सीधे भूमि अधिग्रहण के आदेश जारी कर दिए, ऐसा याचिका में दावा किया गया है। इस मामले में हुई सुनवाई में कोर्ट ने जिला कलेक्टर, भू-अर्जन अधिकारी और संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर 8 जुलाई तक जवाब पेश करने का आदेश दिया है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता श्रवण ताराम ने पैरवी की। हाईकोर्ट जाने से पहले पुलखाल ग्राम सभा ने प्रस्ताव पारित कर जिला कलेक्टर को प्रस्तावित स्थान बदलने का सुझाव दिया था। इसके अनुसार ग्राम सभा ने सुझाव दिया था कि हवाई अड्डा चामोर्शी रोड पर सेमना देवस्थान के पास झाड़ीदार जंगल क्षेत्र में बनाया जाए। लेकिन प्रशासन द्वारा इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दिए जाने के कारण ग्राम सभा ने हाई कोर्ट में याचिका का संज्ञान लिया है।

## दुर्घटना पीड़ित युवक को तत्काल आर्थिक सहायता


**चंद्रपुर.** बल्लारपुर रोड पर दुर्घटना के शिकार पीयूष उमेश पेंडोर को सांसद प्रतिभा धानोरकर के विशेष प्रयासों से एकीकृत आदिवासी विकास विभाग से 50,000 रुपये की तत्काल आर्थिक सहायता मिली है। सांसद प्रतिभा धानोरकर को जैसे ही पीयूष उमेश पेंडोर की दुर्घटना के बारे में पता चला, उन्होंने बिना समय गंवाए प्रशासन से संपर्क किया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए अनुवर्ती कार्रवाई की कि पीयूष को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता मिले। उनकी संवेदनशील और त्वरित कार्रवाई के कारण, एकीकृत आदिवासी विकास विभाग ने तुरंत संज्ञान लिया और पीयूष को यह सहायता स्वीकृत की। इस मदद से पीयूष और उसके परिवार को बड़ी राहत मिली है। इलाज के लिए जरूरी खर्च मिलने से उन्हें बहुत बड़ा सहारा मिला है। इस घटना ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि सांसद प्रतिभा धानोरकर ने हमेशा आम नागरिकों और जरूरतमंदों की मदद करने की पहल की है।

## हिंदी ब्राह्मण बहुउद्देशीय संस्था एवं दुर्गा माता मंदिर समिति का भव्य सत्कार समारोह संपन्न



**चंद्रपुर.**

हिंदी ब्राह्मण बहुउद्देशीय संस्था चंद्रपुर एवं दुर्गा माता मंदिर समिती द्वारा भाजपा कामगार मोर्चा के महासचिव एवं पत्रकार संघ बल्लारपुर के अध्यक्ष अजय दुबे का भव्य सत्कार समारोह दुर्गामाता मंदिर, संजय नगर परिसर में आयोजित किया गया। यह सम्मान समारोह हाल ही में हुए रेलवे सलाहकार समिति चुनाव में दुबे के भारी मतों से विजय प्राप्त करने के उपलक्ष्य में किया गया। वे वर्तमान में नेशनल रेलवे सलाहकार समिति, नई दिल्ली के सदस्य, ZRUCC (मध्य रेलवे) के सदस्य, तथा रेलवे चेकिंग स्पॉट समिति के भी सक्रिय सदस्य हैं। साथ ही वे पत्रकार संघ बल्लारपुर के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी प्रभावी रूप से निभा रहे हैं। संस्था के पदाधिकारी सुरेंद्र तिवारी का उनके जन्म दिन के अवसर पर उन्हें भी इसी समारोह में भव्य सत्कार किया गया। समारोह में संस्था के संस्थापक अध्यक्ष विनोद तिवारी सहित पंडित मथुरा प्रसाद पांडे, अशोक मिश्रा, अनंत तिवारी, जगदीश तिवारी, धीरेंद्र मिश्रा, सुभाष त्रिपाठी, कृपाशंकर उपाध्याय, शरद तिवारी, जितेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह,. मिथिलेश पांडे उग्रसेन पांडे, पप्पू मिश्रा, दुर्गेश चौबे, स्वप्निल तिवारी, मनीष पांडे, दीपक पाठक, ओमप्रकाश पाठक, संदीप दीक्षित,मनोज मिश्रा, सोनू शुक्ला, राहुल शुक्ला ,सत्यप्रकाश,दुबे, कृष्ण त्रिपाठी, मंथन तिवारी, विनोद यादव, प्रीतम शुक्ला, राकेश शुक्ला, शशि भूषण पांडे एवं समस्त पदाधिकारीगण, समाज के गणमान्य नागरिक, पत्रकार बंधु एवं स्थानीय श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने दुबे को पुष्पमाला एवं शॉल भेंट कर शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर अजय दुबे ने संस्था एवं समस्त समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान मेरे लिए नई ऊर्जा का संचार है, और मैं सदैव समाज व राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्व को पूर्ण निष्ठा से निभाने हेतु प्रतिबद्ध हूँ। संस्था के एवं मंदिर के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी दुबे के सामाजिक एवं सार्वजनिक योगदान की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ किया गया।



# करीना-परिणीति के बीच उलझा क्रिकेटर का दिल







बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस करीना कपूर खान पर एक समय फैंस काफी लट्टू हुआ करते थे. करीना ने अपनी एक्टिंग से तो फैंस को दीवाना बनाया ही है, वहीं वो अपनी खूबसूरती को लेकर भी अक्सर चर्चा में छाई रहती हैं. करीना के दीवाने तो भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या भी हैं. एक बार हार्दिक ने करीना को डेट पर ले जाने की ख्वाहिश जाहिर की थी. जबकि तलाकशुदा क्रिकेटर ने परिणीति चोपड़ा से शादी करने की इच्छा भी जाहिर की थी.हार्दिक पंड्या फिलहाल सिंगल लाइफ जी रहे हैं. उनका बीते साल एक्ट्रेस नताशा स्टेनकोविक से तलाक हो गया था. हालांकि नताशा से शादी करने से पहले हार्दिक के दिल पर परिणीति चोपड़ा राज करती थीं. ये खुलासा भारतीय क्रिकेटर ने करण जौहर के सामने किया था.एक बार हार्दिक पांड्या और केएल राहुल डायरेक्टर-प्रोड्यूसर करण जौहर के टॉक शो 'कॉफी विद करण' में पहुंचे थे. इस दौरान हार्दिक ने करण और राहुल के सामने अपनी दिली ख्वाहिश जाहिर की थी. करण के सामने रैपिड फायर राउंड में हार्दिक ने खुलासा किया था कि वो करीना कपूर को डेट पर ले जाना चाहेंगे.चाहे डेट के लिए हार्दिक ने करीना कपूर का नाम लिया हो, लेकिन शादी के लिए उनकी पसंद करीना नहीं बल्कि परिणीति चोपड़ा थीं. उन्होंने रैपिड फायर राउंड में खुलासा किया था कि वो परिणीति चोपड़ा से शादी करना चाहते हैं. हालांकि ऐसा तो नहीं हो सका.

# शाहरुख का मजाक उड़ाते थे सलमान खान



हिंदी सिनेमा में अपनी खास पहचान रखने वाले दिग्गज अभिनेता जॉनी लीवर ने 80 और 90 के दशक में बड़े पर्दे पर राज किया है. अपनी बेहतरीन कॉमेडी से जॉनी लीवर दर्शकों को हंसने पर मजबूर कर देते थे. जॉनी ने अपने करियर में कई बड़े दिग्गज कलाकारों के साथ काम किया.

बॉलीवुड के दो बड़े सुपरस्टारर्स सलमान खान और शाहरुख खान के साथ भी उन्होंने काम किया है.सलमान खान और शाहरुख खान के साथ जॉनी लीवर एक फिल्म में दिखाई भी दिए हैं. उसका नाम है 'करण अर्जुन', जिसे भला कौन भूल सकता है. जॉनी ने दोनों एक्टर्स के साथ 'करण अर्जुन' में काम करने का अपना एक्सपीरियंस शेयर कर चुके हैं. हालांकि तब एक बड़ा खुलासा करते हुए उन्होंने बताया था कि शूटिंग के दौरान सलमान, शाहरुख का उनकी कमजोरियों के लिए जमकर मजाक उड़ाया करते थे. जॉनी लीवर ने साल 2024 में यूट्यूबर रणबीर इलाहाबादिया से बातचीत के दौरान करण अर्जुन से जुड़ा एक मजेदार किस्सा शेयर किया था. उन्होंने बताया कि जब वो शाहरुख और सलमान के साथ करण अर्जुन की शूटिंग कर रहे थे, तब शाहरुख डांस और फाइट में काफी कमजोर हुआ करते थे, जबकि सलमान के साथ ऐसा नहीं था.जॉनी के मुताबिक शाहरुख को डांस नहीं आता था और फाइट भी ठीक से नहीं कर पाते थे. लेकिन वो इसके लिए जहां मौका मिलता था वहां प्रैक्टिस करने लगते थे. अपना सीन सलमान एक टेक में कर लेते थे और शाहरुख के कारण रीटेक हो जाते थे. जॉनी ने बताया, "सलमान, शाहरुख का मजाक उड़ाता था, फिरकी लेता था. हालांकि जॉनी ने आगे बताया समय के साथ और प्रैक्टिस के चलते शाहरुख डांस में और फाइट दोनों में बेहतर होते चले गए.



# इन कलाकारों के बिना अधूरा है कपिल शर्मा शो

कॉमेडी किंग कपिल शर्मा 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के तीसरे सीजन के साथ एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं. बॉलीवुड के 'दबंग' एक्टर सलमान



खान के साथ इस शो पहले एपिसोड की शूटिंग पूरी हो चुकी है और फैंस में इसे लेकर जबरदस्त उत्साह है. हर सीजन की तरह इस बार भी शो की स्टार कास्ट की फीस को लेकर खूब चर्चा हो रही है, जहां कपिल शर्मा खुद एक एपिसोड के लिए मोटी रकम वसूलते हैं, वहीं उनके साथी कलाकार भी अपनी दमदार परफॉर्मेंस से अच्छी कमाई करते हैं. लेकिन असल बात तो ये है कि इन साथी कलाकारों के बिना कपिल का शो अधूरा है और कपिल की फीस के मुकाबले बेहद 'कम' फीस के साथ ये कलाकार शो में असली रौनक भरते हैं. 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' के सबसे बड़े स्टार और होस्ट कपिल शर्मा अपनी कमाल की कॉमिक टाइमिंग से सालों से लोगों के दिलों पर राज कर रहे हैं.

सूत्रों की मानें तो कपिल इस कॉमेडी टॉक शो के एक एपिसोड के लिए 5 करोड़ रुपये तक चार्ज कर रहे हैं.

# आमिर ने दिखाया बिग बी को उनकी ही शादी का कार्ड

बॉलीवुड में 'मिस्टर परफेक्शनिस्ट' के नाम से मशहूर आमिर खान ने अपने फैंस को हर बार अपनी फिल्मों और अपनी एक्टिंग से दीवाना बनाया है. आमिर को शुरू से ही फिल्मी दुनिया में आने का शौक था और बॉलीवुड में बतौर लीड एक्टर काम करने से पहले वो चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में भी काम कर चुके थे. वहीं अपने चाचा और डायरेक्टर नासिर हुसैन को भी उन्होंने असिस्ट किया था.आमिर खान के आज लाखों फैंस हैं. लेकिन क्या आप ये जानते हैं कि आमिर आखिर खुद किस कलाकार के फैन हैं? तो इसका जवाब है अमिताभ बच्चन. अमिताभ बच्चन को हिंदी सिनेमा के दिग्गज से दिग्गज कलाकार भी पसंद करते हैं. आमिर



भी उनके बचपन से ही फैन हैं और वो आज तक बिग बी को काफी मानते हैं. इसका इससे बड़ा उदाहरण क्या होगा कि एक बार अमिताभ के सामने आमिर उनकी ही शादी का कार्ड लेकर पहुंच गए थे.आमिर खान, अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो 'कौन बनेगा करोड़पति' पर पहुंचे थे. वहां उन्होंने बिग बी की जमकर तारीफ की थी. दोनों दिग्गजों के बीच ढेर सारी बातचीत हुई थी और तब बिग बी के प्रति आमिर ने दिल खोलकर अपना प्यार जाहिर किया था.केबीसी में पहुंचने के बाद आमिर ने बिग बी से उनकी शादी की तारीख पूछी थी. आमिर ने पूछा था, "क्या आपको अपनी शादी की तारीख याद है? इस पर बिग ने कहा, '3 जून १९७*' फिर आमिर ने कहा,"सर इसका कोई सबूत तो दीजिए हमें. बिग बी ने कहा, 'चेक कर लीजिए.' जबकि सबूत तो खुद आमिर लेकर बैठे हुए थे.आमिर ने आगे कहा था, "सर मेरे पास सबूत है. सर आपकी शादी का कार्ड मेरे पास है." इसके बाद आमिर ने अमिताभ को उनकी ही शादी का कार्ड दिखाया था और बिग बी ने जो तारीख बताई थी वो बिल्कुल सही निकली. अपनी शादी का कार्ड देखकर बिग बी भी हैरान रह गए थे.

# आता थांबायचं नाय' का वर्ल्ड प्रीमियर 28 जून को




शहर के सबसे हासिए पर पड़े हाथों ने अपना नसीब नये से लिखने के लिये लेखनी उठा ली तो क्या होगा? इस जून महीने में ।ज़ी 5 इस भाषा और स्थानीय प्रकार के कंटेंट को प्राथमिकता देने वाले प्लेटफार् द्वारा अब आता थांबायचं नाय 39; इस सिनेमा का डिजिटल प्रीमियर घोषित किया है ।ज़ी 5 ने मराठी सहित भारत के प्रमुख भाषाओं के लिये भाषिक योजना घोषित की है। इस पृष्ठभूमि पर इस सिनेमा का प्रीमियर घोषित किया गया है। आता थांबायचं नाय, इस सिनेमा में मुंबई के स्वच्छता कामगारों को सलाम किया गया है। इस हृदयस्पर्शी सिनेमा में शहर को गतिमान रखने और स्वयं परदे के पीछे रहने वाले हीरो की बात देखने को मिलने वाली है ।यह एक जबरदस्त सिनेमा है.

# विनर लीक कंट्रोवर्सी में फंसी उर्फी जावेद



करण जौहर का शो 'द ट्रेटर्स' सोशल मीडिया पर खूब चर्चा बटोर रहा है. एक तरफ जहां पहले ही हफ्ते इस शो से 4 कंटेस्टेंट बाहर हो चुके हैं. वहीं दूसरी तरफ 'कंट्रोवर्सी क्वीन' उर्फी जावेद और 'द रिबेल किड' नाम से मशहूर अपूर्वा मखीजा के बीच हुई लड़ाई भी सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन रही है.

हाल ही में अपूर्वा के साथ अपने झगड़े को लेकर उर्फी ने बड़ा खुलासा किया. उन्होंने कहा कि अपूर्वा ने उनके बीच ये लड़ाई शो में जाने से पहले ही प्लान की थी. इस बात को साबित करने के लिए उर्फी ने 'द रिबेल किड' के साथ उनकी चैट सोशल मीडिया पर वायरल कर दी है. लेकिन इस बीच उर्फी जावेद से 'द ट्रेटर' के विनर का नाम भी लीक हो गया और ये विनर कोई और नहीं बल्कि खुद उर्फी ही हैं. अपनी गलती का एहसास होते ही उर्फी ने तुरंत ये पोस्ट डिलीट कर दी थी.उर्फी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा कि उनके और अपूर्वा के बीच जो कुछ भी हुआ, वो सब प्लान था. उन्होंने लिखा, "सब कुछ प्लान था, दोस्तों. हम उस झगड़े के बाद भी एक दूसरे से बातें कर रहे थे. ये झगड़ा हमने सोच-समझकर किया था. लेकिन अब अपूर्वा अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में, अपने वीडियो में जिस तरह से इसे बढ़ा-चढ़ाकर दिखा रही हैं, मुझे बुरा दिखाने की कोशिश कर रही हैं, ये सब देखकर अब उससे मुझे नफरत हो रही है. एक दिन पहले, जब जन्नत अपने माता-पिता के लिए रो रही थी, तो अपूर्वा ने मुझसे कहा कि मुझे समझ नहीं आता कि तुम इस उम्र में अपने माता-पिता के लिए कैसे रो सकती हो, मैं तो अपने माता-पिता से दूर रहकर बहुत खुश हूं. जब मैं उसे शांत करने गई, तब उसने सबके सामने मुझे गाली देकर कहा कि जा ना यहां से. मुझे बहुत बुरा लगा. इसलिए गुस्से में मैंने भी उसे कहा कि मैं उसकी सीनियर हूं और उसे मुझे इज्जत देनी चाहिए.अपनी और अपूर्वा में हुई बातों को साबित करने के लिए उर्फी ने उनके साथ अपनी चैट का स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया और इसे पोस्ट करने के बाद उन्होंने तुरंत ये स्क्रीनशॉट डिलीट भी कर दिया. दरअसल इस स्क्रीनशॉट में साफ दिख रहा था कि अपूर्वा और उर्फी चैट में ये डिस्कस कर रही थीं कि उनकी लड़ाई दर्शकों को खूब पसंद आएगी. उन्होंने ये भी तय किया था कि वे एपिसोड रिएक्शन वीडियो में अपने मुद्दे सुलझाएंगी, जो अपूर्वा शो के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करती हैं. दोनों 10वें एपिसोड के रिएक्शन के लिए मिलने वाली थीं, जहां वे लड़ाई को सुलझातीं. अपूर्वा ने उर्फी से कहा कि अगर वो लड़ाई के लिए तैयार हैं, तो वो अपनी वीडियो बाइट्स में उसी हिसाब से बात करेंगी. इसी चैट में अपूर्वा ने उर्फी को विनर बताया था और उर्फी ने भी रिएक्शन दिया था कि शो जीतने से कुछ नहीं होगा.उर्फी के इस स्क्रीनशॉट में दिख रहे उर्फी और अपूर्वा के चैट से ये साबित हो गया कि उर्फी इस शो को जीत चुकी हैं. यानी करण जौहर के 'द ट्रेटर' के शुरू होते ही इस शो के विनर का नाम लीक हो गया.

# अक्षय की फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' को लेकर उड़ी अफवाहे

अक्षय कुमार अपनी फ्लॉप फिल्मों को लेकर खास चिंता नहीं करते हैं. उनका मानना है कि वो काम करते हैं और करते रहेंगे. अक्षय के हिस्से में लगातार फ्लॉप फिल्में आए जा रही हैं. लेकिन खिलाड़ी कुमार की फिल्मों के रिलीज के सिलसिले में जरा भी कमी नहीं आई है. हाल ही में एक्टर की मल्टीस्टारर फिल्म 'हाउसफुल 3' रिलीज हुई है, इस फिल्म को बनाने के लिए मेकर्स ने 255 करोड़ का खर्चा किया है. वहीं अक्षय की अपकमिंग फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' को लेकर बीते दिनों खबर आई थी कि इसकी शूटिंग को रोक दिया गया है. शूटिंग को रोकने के पीछे की वजह फाइनेंशियल क्राइसिस बताया जा रहा था, लेकिन अब ये खबरें झूठी मानी जा रही हैं.मिली जानकारी के अनुसार 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग पैसों की तंगी के चलते नहीं बल्कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के चलते रोकी गई थी. रिपोर्ट के मुताबिक 'वेलकम टू द जंगल' की 70% शूटिंग पहले ही पूरी की जा चुकी है. फिल्म का अब बस 30% काम बाकी बचा है. फिल्म के बचे हुए हिस्से की शूटिंग कश्मीर में की जानी थीं. लेकिन पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद मेकर्स ने इस शेड्यूल को टाल दिया. मेकर्स ने सिक्योरिटी को ध्यान में रखते हुए ये फैसला किया था.इतना ही नहीं माना जा रहा है कि बारिश का वक्त खत्म होने के बाद एक बार फिर से 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग को दूसरी लोकेशन सेलेक्ट होने के बाद शुरू किया जाएगा. बीते दिनों खबर आई थी कि पैसों की तंगी के चलते 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग रोक दी गई है. इसके अलावा ये भी बताया गया कि फिल्म की स्टारकास्ट में मौजूद कई सितारों को पेमेंट नहीं दी हई है और कुछ स्टार्स ने फिल्म से अलग होने का फैसला किया है. ये सभी खबरें अब अफवाह बताई जा रही हैं.वहीं पता चला है कि 'वेलकम टू द जंगल' की शेड्यूल पहले से ही फिक्स था, जिसके लिए हेलीकॉप्टर, 250 से ज्यादा घोड़े और 1200 जूनियर आर्टिस्ट्स को इसमें शामिल किया जाना था.



Screengrab from video uploaded on YouTube by JioStudios



# सोनू सूद से हरभजन तक सट्टेबाजी में फंसे सितारे

ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स से जुड़ा बड़ा मामला अब एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री और क्रिकेट की दुनिया तक जा पहुंचा है। प्रवर्तन निदेशालय ने अब उन सेलिब्रिटीज की जांच शुरू कर दी है जिन्होंने इन प्लेटफॉर्म का प्रमोशन किया था इस हाई-प्रोफाइल मामले में ईडी अब उन नामचीन हस्तियों से पूछताछ कर रही है जिन्होंने बैन के बावजूद इललीगल ऑनलाइन बेटिंग ऐप्स को प्रमोट किया। इनमें शामिल हैं- सोनू सूद, उर्वशी रौतेला, हरभजन सिंह, युवराज सिंह, सुरेश रैना और भी कई जाने-माने नाम ।इन सभी सेलेब्स से पूछताछ की गई है ताकि ये समझा जा सके कि उनके प्रमोशन डील्स और इन प्लेटफॉर्म के साथ उनका क्या कनेक्शन था। एक ईडी अधिकारी ने कहा - 'इन प्लेटफॉर्म्स ने सेलिब्रिटीज और इनफ्लुएंसर के जरिए तेजी से पॉपुलैरिटी हासिल की, वो भी सरकार की सख्त मनाही के बावजूद।'सोनू सूद और उर्वशी रौतेला ने अब तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। हालांकि उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स पर इस विवाद के चलते हलचल देखी जा रही है।

# टीम इंडिया का इंग्लैंड में टेस्ट इतिहास

**नई दिल्ली.** टीम इंडिया का इंग्लैंड दौरा भारतीय टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में हमेशा से एक चेलेंजिंग चेप्टर रहा है. स्विंग और सीम गेंदबाजी के लिए मशहूर इंग्लैंड की पिचों पर भारतीय खिलाड़ियों की अग्निपरीक्षा पहले भी हुई हैं और इस बार भी होती दिखेगी. 1932 में अपने पहले टेस्ट दौरे से लेकर 2025 तक, भारत ने इंग्लैंड की धरती पर कई ऐतिहासिक पल जिए हैं और रिकॉर्ड बनाए हैं. 20 जून से टीम इंडिया का एक और इंग्लैंड दौरा शुरू होने वाला है, जिसमें नए कप्तान शुभमन गिल और हेड कोच गौतम गंभीर की जोड़ी के सामने वो कर दिखाने का मौका है, जो 18 सालों से नहीं हुआ है.



**इंग्लैंड में 18 साल पहले जीती आखिरी सीरीज**

भारत ने इंग्लैंड में आखिरी टेस्ट सीरीज साल 2007 में राहुल द्रविड़ की कप्तानी में जीती थी. शुभमन गिल और गंभीर से 18 साल पुराने सीरीज जीत के उसी इंतजार को खत्म करने की उम्मीद रहेगी. मगर क्या ऐसा हो पाएगा? इसका पता लगाने के लिए 1932 से अब तक के टीम इंडिया के इंग्लैंड में टेस्ट रिकॉर्ड को खंगालना जरूरी है.

**कैसा है इंग्लैंड में भारत का टेस्ट इतिहास?**

भारत ने इंग्लैंड में अपना पहला टेस्ट मैच 25 जून 1932 को लॉर्ड्स में खेला था. तब से अब तक उसने वहां 67 टेस्ट खेले, जिसमें उसने 9 जीते और 38 हारे. वहीं 20 मुकाबले दोनों के बीच ड्रॉ रहे. ये आंकड़ा दर्शाता है कि इंग्लैंड में भारत का टेस्ट रिकॉर्ड कितना मुश्किलों भरा रहा है. भारत ने इंग्लैंड में अब तक 20 टेस्ट सीरीज खेली हैं, जिनमें से केवल 3 में जीत हासिल की है. उसने पहली टेस्ट सीरीज अजीत वाडेकर की कप्तानी में साल 1971 में 1-0 से जीती थी. उसके बाद दूसरी टेस्ट सीरीज जीत इंग्लैंड में कपिलदेव की कप्तानी में साल 1986 में 2-0 से मिली. जबकि तीसरी सीरीज जीत राहुल द्रविड़ की कप्तानी में साल 2007 में 1-0 से मिली है. 3 सीरीज फतेह के अलावा भारत ने 2021 में इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज 2-2 से ड्रॉ भी कराई है.

**इंग्लैंड में भारत के टॉप के बल्लेबाज और गेंदबाज**

इंग्लैंड में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज की बात करें तो उसमें सचिन तेंदुलकर का नाम सबसे ऊपर है. सचिन तेंदुलकर ने इंग्लैंड में 1571 रन 51 की औसत से 23 टेस्ट में बनाए हैं. इस दौरान उन्होंने सबसे ज्यादा 4 शतक भी जड़े हैं. इंग्लैंड में शतकों की इतनी ही संख्या राहुल द्रविड़ की भी है. इंग्लैंड में सर्वाधिक 193 रन की पारी खेलने वाले भारतीय बल्लेबाज सौरव गांगुली हैं. बात गेंदबाजी के रिकॉर्ड की करें तो सबसे ज्यादा विकेट भारत की तरफ से इंग्लैंड में कपिलदेव ने लिए हैं. उन्होंने 21 टेस्ट में 31.05 की औसत से 85 विकेट झटके हैं. इंग्लैंड में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी एक पारी में करने वाले भारतीय ईशांत शर्मा हैं, जिन्होंने 2014 में लॉर्ड्स में 74 रन देकर 7 विकेट लिए थे. इंग्लैंड में सबसे ज्यादा 4 बार 5 विकेट लेने वाले गेंदबाज कपिल देव और अनिल कुंबले हैं.

**इंग्लैंड के मौजूदा दौरे पर भारत की युवा टीम**

ये तो रहा भारतीय टीम क इंग्लैंड में टेस्ट इतिहास. अब सवाल है कि गिल और गंभीर की कमान में जो टीम इस वक्त इंग्लैंड दौरे पर है, उसमें कितना दम है. भारत का इंग्लैंड दौरा 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के साथ शुरू होगा, जो 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है. रोहित शर्मा, विराट कोहली, और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गज टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लेने के बाद ये दौरान टीम इंडिया के युवा खिलाड़ियों के लिए बेहद अहम है. इंग्लैंड में कप्तान शुभमन गिल का टेस्ट में औसत 35 का है. जसप्रीत बुमराह ने वहां 24.50 की औसत से 64 विकेट लिए हैं. यशस्वी जायसवाल ने 2021 के इंग्लैंड दौरे पर 320 टेस्ट रन बनाए थे. अब इस बार उनकी तकनीक की एक बार फिर परीक्षा होगी. वहीं शार्दुल ठाकुर ने हाल के इंट्रा-स्क्वाड मैच में 122* रन और 4 विकेट लेकर उन्होंने ऑलराउंडर के रूप में अपनी उपयोगिता साबित की.

**गिल-गंभीर क्या खत्म करेंगे 18 साल का इंतजार?**

इसमें दो राय नहीं कि इंग्लैंड की स्विंग और सीम गेंदबाजी के लिए मशहूर पिचें भारतीय बल्लेबाजों के लिए चुनौतीपूर्ण होंगी, जेम्स एंडरसन के बाद इंग्लैंड की नई गेंदबाजी यूनिट भारत के लिए खतरा बनने का दम रखती है. इसके अलावा, इंग्लैंड की बल्लेबाजी भीभारत के गेंदबाजों को कड़ी चुनौती देगी. हालांकि, भारत के पास भी ऐसे खिलाड़ी हैं, जो इंग्लैंड को चौंका सकते हैं. उन्हें उन्हीं की जमीन पर हराने में सक्षम है. हमने ऐसे ही युवा जोश वाली टीम इंडिया के साथ गाबा पर ऑस्ट्रेलिया का 32 साल का घमंड टूटते देखा था. ऐसे में उम्मीद कर सकते हैं कि कुछ उसी अंदाज में जोश से लबरेज टीम इंडिया इंग्लैंड में भी सीरीज जीतकर 18 साल के इंतजार को खत्म.

## टेस्ट टीम से बाहर, अब इंट्रा स्क्वाड मैच में ठोका शतक

**नई दिल्ली.** भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच 20 जून से लीड्स के हेडिंग्ले में खेला जाएगा. इस मुकाबले से पहले टीम इंडिया के एक युवा स्टार खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जो काफी वायरल हो रहा है. दरअसल, इस खिलाड़ी ने इंग्लैंड छोड़ दिया है. इस खिलाड़ी ने हाल ही में इंट्रा स्क्वॉड मैच में कमाल का प्रदर्शन किया था. लेकिनन वह इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलता हुआ नजर नहीं आएगा. टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज सरफराज खान ने इंग्लैंड छोड़ दिया है. उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक स्टोरी शेयर की है, जिसमें उन्होंने इंग्लैंड से भारत वापसी की जानकारी दी. स्टोरी में सरफराज अपने पासपोर्ट और बोर्डिंग पास के साथ नजर आ रहे हैं, जो यह दर्शाता है कि वह मुंबई के लिए रवाना हो गए हैं. इस दौरान उन्होंने इंग्लैंड के अपने अनुभव को याद करते हुए लिखा, 'थैंक यू यूके! यू वेयर एमेजिंग.' बता दें, सरफराज हाल ही में इंडिया ए टीम का हिस्सा थे, जो इंग्लैंड दौरे पर थी.



इस दौरे का कार्यक्रम अब समाप्त हो चुका है, और उनकी टीम ने वहां कुछ महत्वपूर्ण मैच खेले. हालांकि, सीनियर भारतीय टीम के लिए चयन में उन्हें जगह नहीं मिली, जिसके कारण वह अब भारत लौट आए हैं. यह उनके लिए थोड़ा निराशाजनक था. हालांकि, उनके लिए ये दौरा काफी अच्छा रहा. उन्होंने इंडिया लॉयंस के खिलाफ एक 92 रनों की पारी खेली. इसके बाद इंट्रा स्क्वॉड मैच में एक दमदार शतक भी लगाया.सरफराज खान के इंटरनेशनल करियर की शुरुआत पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के साथ हुई थी. इसके बाद उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ भी टेस्ट खेलने का मौका मिला था. लेकिन ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वह एक भी मैच नहीं खेल सके थे और अब स्क्वॉड से भी बाहर कर दिए गए.

## अनाया बांगर फिर सुर्खियों में, कभी आर्यन के नाम से खेली थीं क्रिकेट



**नई दिल्ली.** लड़का से लड़की बनीं अनाया बांगर सोशल मीडिया पर हमेशा चर्चाओं में रहती हैं. इससे पहले उन्हें आर्यन बांगर के नाम से जाना जाता था, जो यशस्वी जायसवाल और सरफराज खान जैसे क्रिकेटरों के साथ क्रिकेट खेल चुकीं हैं. अनाया बांगर के पिता का नाम संजय बांगर है, जो टीम इंडिया के पूर्व खिलाड़ी हैं और भारतीय टीम के कोच भी रह चुके हैं. संजय बांगर का इंटरनेशनल करियर भले ही लंबा नहीं रहा, लेकिन उन्होंने इंग्लैंड के लीड्स में भारत को एक ऐतिहासिक जीत दिलाई थी, जिसके लिए उन्हें आज भी जाना जाता है. ये वहीं मैदान है जहां भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा.

टीम इंडिया ने हेडिंग्ले लीड्स में अभी तक 7 मुकाबले खेले हैं, इस दौरान वह सिर्फ 2 मैच ही जीत सकी है. चौंकाने वाली बात ये है कि उसने इस मैदान पर आखिरी मैच साल 2002 में जीता था, तब संजय बांगर ने अपने खेल से सभी का दिल जीता था. भारतीय क्रिकेट इतिहास में साल 2002 का लीड्स टेस्ट आज भी फैंस के दिलों में यादगार बना हुआ है. इस मैच में भारत ने इंग्लैंड को एक पारी और 46 रनों से हराकर शानदार जीत दर्ज की थी. इस जीत के पीछे कई नायकों का योगदान था, लेकिन संजय बांगर ने बल्ले के साथ-साथ गेंद से भी कमाल किया था.

साल 2002 में भारत का इंग्लैंड दौरा कई उतार-चढ़ावों से भरा रहा. सीरीज का तीसरा टेस्ट हेडिंग्ले, लीड्स में खेला गया था, जिसमें भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 628 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था. इस पारी में सचिन तेंदुलकर ने 193 रन, राहुल द्रविड़ ने 148 रन और सौरव गांगुली ने 128 रन बनाए थे. लेकिन संजय बांगर की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण थी. बांगर ने पहली पारी में बतौर ओपनर 68 रनों की पारी खेली, जो टीम के लिए मजबूत नींव रखने में मददगार साबित हुई. उनकी इस पारी ने भारत को इंग्लैंड के सामने मजबूत स्थिति में ला दिया था.

भारत ने अपनी पहली पारी में 628/8 घोषित की थी, जबकि इंग्लैंड की पहली पारी 273 रनों पर सिमट गई थी. इसके बाद दूसरी पारी में इंग्लैंड 309 रनों पर ऑलआउट हो गई थी, जिससे भारत ने 46 रनों से यह मैच जीता.

संजय बांगर की बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंद से भी टीम की जीत में योगदान दिया था. उन्होंने इंग्लैंड की दूसरी पारी में 13 ओवर गेंदबाजी की थी और 2 विकेट चटकाए थे. लेकिन इसके बाद भारत इस मैदान पर टेस्ट मैच जीतने का कारनामा नहीं दोहरा सका है. ऐसे में गिल एंड कंपनी की नजर इस लंबे इंतजार को खत्म करने

## फिर बरसे योगराज सिंह, बातों-बातों में एमएस धोनी पर तीखा प्रहार

**काठमांडू.** भारत के पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह, एमएस धोनी के बहुत बड़े आलोचकों में से एक रहे हैं. अब उन्होंने एक और विवादित बयान दिया है, जिसे एमएस धोनी से जोड़ा जा रहा है. खासतौर पर युवराज सिंह के टीम इंडिया से ड्रॉप होने के बाद उन्होंने एमएस धोनी की आलोचना करते हुए कई सारे बयान दिए हैं. अब उन्होंने कहा है कि केवल एक खिलाड़ी को सपोर्ट करने के चक्कर में पूरे घर/टीम को राख कर दिया गया. एक मीडिया इंटरव्यू योगराज सिंह ने बताया कि जब सौरव गांगुली कप्तान थे, तब टीम के अंदर भाईचारा चरम पर हुआ करता था. इनसाइड स्पोर्ट से बात करते हुए योगराज सिंह ने कहा, "हमारी टीम में सौरव गांगुली, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण, जवागल श्रीनाथ, अनिल कुंबले और अन्य सीनियर शामिल थे.

# नेपाल के सदीप लामिछाने बने प्लेयर ऑफ द मैच

**काठमांडू.** विकेटों की पतझड़ और लो स्कोरिंग टी20 मैच. कुछ ऐसा ही देखने को मिला जब नेपाल और स्कॉटलैंड की टीमें आमने-सामने हुई. गिरते-पड़ते हालांकि नेपाल की टीम इस मुकाबले को 2 विकेट से जीतने में कामयाब रही. उसकी इस जीत में रेप के आरोप में जेल की हवा खाने वाले गेंदबाज संदीप लामिछाने की अहम भूमिका रही, जिन्होंने अपने 4 ओवर से गेम सेट करने का काम किया. लामिछाने हैट्रिक से चूककर भी स्कॉटलैंड के खिलाफ कहर बरपाने में कामयाब रहे. उनके बरपाए कहर का आलम ये रहा कि उन्होंने विकेट तो लिए ही, उसके अलावा जितने रन नहीं दिये, उससे ज्यादा गेंदें डॉट फेंकी.

**संदीप लामिछाने के आगे स्कॉटलैंड का सरेंडर**

ग्लासगो में टी20 ट्राई सीरीज के मुकाबले में 17 जून को नेपाल और मेजबान स्कॉटलैंड की टीमें आमने सामने हुईं थी. इस मैच में स्कॉटलैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल सकी. वो 19.4 ओवरों में 97 रन पर ढेर हो गई. स्कॉटलैंड के इस बुरे हाल के पीछे संदीप लामिछाने बड़ा फैक्टर रहे, जिन्होंने अपनी स्पिन के जाल में स्कॉटिश बल्लेबाजों को ऐसे फंसाया कि हैट्रिक से चूककर भी हालत खस्ती कर दी.



**हैट्रिक से चूका फिर भी छाया**

संदीप लामिछाने ने पहले दो विकेट लगातार दो गेंदों पर लिए. ये कामयाबी उन्हें स्कॉटलैंड के 13वें ओवर में मिली

. उन्होंने इस ओवर की दूसरी और तीसरी गेंद पर विकेट लिया. मगर चौथी गेंद पर विकेट ना ले पाने के चलते उनकी हैट्रिक नहीं हुई. मगर इसके बावजूद उन्होंने 4 ओवर में 4 विकेट विकेट जरूर झटके. अपने कोटे के 4 ओवरों में संदीप लामिछाने ने सिर्फ 11 रन दिए. उन्होंने 18 गेंदों पर कोई रन नहीं दिए. मतलब वो गेंदें डॉट फेंकी. मतलब ना सिर्फ रन देने में कंजूसी की बल्कि विकेट निकालने में फुर्ती भी दिखाई.

**संदीप लामिछाने रेप के आरोप में हो चुके हैं बरी**

नेपाल की जीत के हीरो बने संदीप लामिछाने वही स्पिनर हैं, जिन पर साल 2022 में 18 साल की एक लड़की के रेप का आरोप लगा था और जिसके बाद उन्हें जेल भी हुई थी. हालांकि, वो तुरंत जमानत पर रिहा कर दिए गए थे. लेकिन फिर लंबी सुनवाई के बाद जनवरी 2024 में कोर्ट ने उन्हें दोषी करार देते हुए 8 साल की सजा सुनाई. लामिछाने ने इस फैसले के खिलाफ अपील की और उन्हें बरी कर दिया गया.

**3100 रुपये में लामिछाने ने खेला मैच!**

मैच की बात करें तो नेपाल ने स्कॉटलैंड से मिले 98 रन के टारगेट को 8 विकेट खोकर 19.5 ओवर में हासिल की. प्लेयर ऑफ द मैच बने सदीप लामिछाने को इस मैच को खेलने के 3100 रुपये मिले, क्योंकि इतने ही पैसे नेपाल क्रिकेट बोर्ड की ओर से एक टी20 मैच खेलने के नेपाली खिलाड़ियों को मिलते हैं.

# लीड्स में आराम मोड में टीम इंडिया

**लंदन.** इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के आगाज की घड़ी अब करीब आ चुकी है. 20 जून ज्यादा दूर नहीं, जिस दिन से पहला टेस्ट शुरू होगा. टीम इंडिया उसके लिए 17 जून को लीड्स पहुंच चुकी है. अब लीड्स पहुंचकर टीम इंडिया को करनी तो चाहिए थी प्रैक्टिस मगर उसने किया आराम. और, उस आराम के चक्कर में भारतीय टीम बन गई मनमौजी, जहां हर खिलाड़ी अपनी-अपनी मर्जी के मालिक बने दिखे. आराम के नाम पर लीड्स में मनमौजी सिर्फ खिलाड़ियों ने नहीं की, बल्कि टीम इंडिया के चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने भी की.



अब सवाल है कि टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने मनमौजी बन किया क्या? तो मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कुछ खिलाड़ी कॉफी पीने गए, कुछ शहर घूमने तो कई मेंबर गोल्फ खेलने भी चले गए. रिपोर्ट में ये भी बताया गया कि लीड्स में टीम इंडिया जिस होटल में रुकी है, उसके आस-पास भारतीय जायके वाली खाने-पीने की चीजों का स्टॉल भी खूब है. कुल मिलाकर टीम इंडिया फुल रिलैक्स मूड में दिखी.

अब कौन-कौन से खिलाड़ी कॉफी पीने गए, कौन शहर घूमने और कितने गोल्फ कोर्स गए, जरा वो भी जान लीजिए? केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, नीतीश कुमार रेड्डी और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे खिलाड़ी कॉफी पीने गए. वहीं जो नए खिलाड़ी पहली बार इंग्लैंड दौरे पर गए थे. उन्होंने शहर घूमने का मन बनाया. जबकि, गोल्फ खेलने जाने वालों में मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक करुण नायर जैसे खिलाड़ी का नाम रहा. उनके अलावा टीम के चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने भी गोल्फ कोर्स का रुख किया. लीड्स पहुंचने के बाद पहले आराम फरमाने वाली टीम इंडिया के खिलाड़ियों में ऋषभ पंत और मोहम्मद सिराज ऐसे रहे जो अपने नए हेयरस्टाइल में भी नजर आए. उन्होंने शॉर्ट हेयरकट ले रखे थे. इस आराम के दौर के बाद 20 जून से पहले टीम इंडिया के 2 फुल ट्रेनिंग सेशन का दौर चलेगा, जिसमें सारी तैयारियों को एक आखिरी बार जांचा और परखा जाएगा.


## मैक्सवेल का धमाका: शतक से फॉर्म पर उठे सवालों का दिया करारा जवाब



**नई दिल्ली.** क्रिकेट में एक बात बड़ी मशहूर है. फॉर्म इज टेम्परेरी एंड क्लास इज पर्मानेंट. इसी बात की मिसाल एमएलसी 2025 में ग्लेन मैक्सवेल ने पेश की है. अपने फॉर्म को लेकर लगातार उठ रहे सवालों को उन्होंने एक शतक से कुचल दिया है. लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले में अकेले लड़ते हुए मैक्सवेल ने वॉशिंगटन फ्रीडम को ना सिर्फ मुश्किल से उबारा बल्कि उनकी कप्तानी पारी का ही असर रहा कि टीम ने रनों के लिहाज से अब तक की सबसे बड़ी जीत भी दर्ज की है.लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स के खिलाफ वॉशिंगटन फ्रीडम की आधी टीम 100 रन के अंदर डगआउट लौट चुकी थी. ऐसे में टीम को उसके लक्ष्य तक पहुंचाने की कमान संभाली खुद कप्तान ग्लेन मैक्सवेल ने. पहले तो वो धीमे खेल रहे थे. लेकिन जब लगा कि उससे काम नहीं चलने वाला तो उन्होंने अटैक तेज कर दिया और फिर देखते ही देखते कब अपने शतक तक पहुंच गए,

# ऋषभ चौहान का बल्ला बना आग एमपीएल में लगातार दूसरी फिफ्टी

**नई दिल्ली**. लगता है ऋषभ नाम वाले खिलाड़ियों का मौसम आ गया है. उधर इंग्लैंड में तो अभी ऋषभ पंत के इंग्लैंड के खिलाफ गरजने-बरसने का इंतजार है. लेकिन, इधर एमपीएल 2025 में ऋषभ चौहान की रनबाजी लगातार जारी है. लीग के लगातार दूसरे मैच में उनके बल्ले ने रन आग की तरह उगले है, जिसके असर से उनकी टीम ग्वालियर चीताज ने 24 घंटे के अंदर दो टीमों- जबलपुर और बुंदेलखंड बुल्स- धूल चटा दी है.



**ऋषभ ने 10 छक्के के साथ ठोके 137 रन!**

एमपीएल यानी मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग 2025 के पहले मैच में जबलपुर को हराने के 24 घंटे के अंदर ही ग्वालियर चीताज का मुकाबला बुंदेलखंड बुल्स से हुआ. श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में खेले इस मैच को उन्होंने 46 रनों से जीता. इन दोनों ही मैचों में जिस एक बल्लेबाज की भूमिका सबसे अहम रही, वो रहे ऋषभ, जिन्होंने दोनों मैचों को मिलाकर 10 छक्कों के साथ 66 गेंदों में 137 रन ठोके. ऋषभ ने बुंदेलखंड बुल्स के खिलाफ मिली 46 रन की जीत में सिर्फ 19 गेंदों पर 200 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट के साथ नाबाद 44 रन बनाए. इस दौरान उनके बल्ले से 4 छक्के निकले. इसके पहले जबलपुर के खिलाफ ऋषभ ने 6 छक्के उड़ाए थे और सिर्फ 47 गेंदों पर 93 रन ठोके थे. यानी ग्वालियर चीताज के लिए खेलते हुए पहले मैच में शतक से चूकने वाले ऋषभ, दूसरे मैच में बुंदेलखंड के खिलाफ अपने अर्धशतक से चूकते दिखे.

**24 घंटे के अंदर 2 बार जीती ग्वालियर चीताज:** मैच की बात करें तो जबलपुर के खिलाफ पहले मैच में 191 रन बनाने वाली ग्वालियर चीताज ने 24 घंटे के अंदर ही बुंदेलखंड के खिलाफ अपने दूसरे मैच में 20 ओवर में 5 विकेट पर 208 रन बनाए. ग्वालियर चीताज की ओर से ऋषभ के अलावा उसके ओपनर सूरज यादव की भूमिका की बुंदेलखंड के खिलाफ कमाल की रही. उन्होंने 69 रन बनाए. इसके अलावा मंगेश यादव ने भी अपने बल्ले का जोर दिखाया और केवल छह गेंद में ही नाबाद 24 रन बना दिए. उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के लगाए. 209 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बुंदेलखंड बुल्स सिर्फ 162 रन ही बना सकी.

# जेम्स एंडरसन को पहली बार सौंपी गई कप्तानी लंकाशायर की कमान संभालेंगे

**लंदन**. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके इंग्लैंड के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन घरेलू क्रिकेट में अभी भी सक्रिय हैं और काउंटी चैंपियनशिप में खेल रहे हैं। टूर्नामेंट में अगले दो मैचों में वह लंकाशायर की कप्तानी करते नजर आने वाले हैं। नियमित कप्तान मार्क हैरिस अपने पहले बच्चे के जन्म के समय परिवार के साथ रहने के लिए ऑस्ट्रेलिया लौट गए हैं। इसी वजह से एंडरसन को टीम की कप्तानी सौंपी गई है। ऑस्ट्रेलिया से वापस आने के बाद वह फिर से लंकाशायर की कप्तानी संभाल लेंगे। किसी भी पेशेवर टीम की कप्तानी का एंडरसन का यह पहला मौका है।



केंट के खिलाफ अगला मैच, बता दें कि जेम्स एंडरसन पिंडली की चोट की वजह से मौजूदा सत्र में केवल एक ही मैच खेल पाए हैं। एंडरसन की कप्तानी में लंकाशायर अपना अगला मैच रविवार से केंट के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद चेस्टरफील्ड में डर्बीशायर के खिलाफ मैच होना है। एंडरसन ने विटैलिटी ब्लास्ट के 4 मैचों में 10 विकेट लेते हुए अपनी लय हासिल कर ली है। वह इस फॉर्म को अब रेड बॉल में दोहराना चाहेंगे। दुबई में प्री-सीजन टूर टी20 मैच में की थी कप्तानी, लंकाशायर के अंतरिम मुख्य कोच स्टीवन क्रॉफ्ट ने बताया कि एंडरसन ने केवल एक बार ही कप्तानी की है। वो, दुबई में प्री-सीजन टूर टी20 गेम था। काउंटी चैंपियनशिप में लंकाशायर की कप्तानी उनके लिए गर्व और हमारे लिए भी बेहद रोमांचक होगी। उनके पास मैदान पर और बाहर देने के लिए बहुत कुछ है। इस सत्र में लंकाशायर के तीसरे कप्तान होंगे एंडरसन, इस सत्र में जेम्स एंडरसन लंकाशायर के तीसरे कप्तान होंगे। सीजन की शुरुआत टीम ने कीटन जेनिंग्स की कप्तानी में की थी। लेकिन, टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। इस वजह से उनकी जगह मार्क हैरिस को कप्तानी सौंपी गई। कोच डेल बेनकेनस्टीन भी पद से हट गए थे। क्रॉफ्ट ने कहा कि यह सीजन में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। सात गेम हो चुके हैं, हम कुछ नहीं कर सकते। लेकिन हमारे पास अभी भी सात गेम हैं और अभी भी मौका है।

# रायपुर एयरपोर्ट पर इंडिगो फ्लाइट में फंसे यात्री

## > 40 मिनट तक विमान में रहे भूपेश बघेल

**रायपुर.**

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर मंगलवार को मच गया हड़कंप. दिल्ली से रायपुर पहुंची इंडिगो फ्लाइट का गेट तकनीकी खराबी के कारण लॉक हो गया. बता दे कि फ्लाइट दोपहर 2:25 बजे रायपुर में सुरक्षित लैंड हुई थी, लेकिन गेट नहीं खुलने के कारण यात्री करीब 40 मिनट तक विमान में ही फंसे रहे.

इस फ्लाइट में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक चातुरी नंद और रायपुर की महापौर मीनल चौबे सहित सैकड़ों यात्री सवार थे. महापौर मीनल चौबे ने बताया कि फ्लाइट ने रायपुर में सुरक्षित लैंडिंग की, लेकिन क्रू मेंबर्स को पायलट से गेट खोलने की परमिशन नहीं मिली. तकनीकी खराबी के कारण डिस्प्ले में गेट खोलने का सिग्नल नहीं दिख रहा था. जिसके चलते यात्रियों को 40 मिनट तक विमान के अंदर ही रहना पड़ा. उन्होंने कहा कि इस दौरान फ्लाइट में कूलिंग और पानी की कोई कमी नहीं थी. जिससे यात्रियों को ज्यादा परेशानी नहीं हुई. हालांकि हाल ही में हुए अहमदाबाद विमान हादसे की यादों के कारण कुछ यात्रियों में घबराहट जरूर थी.

**40 मिनट की मशक्कत के बाद इंजीनियर्स ने खोला गेट :** लगभग 40 मिनट की मशक्कत के बाद इंजीनियर्स ने गेट को खोला और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला



गया. इस घटना ने रायपुर एयरपोर्ट पर हलचल मचा दी. क्योंकि फ्लाइट में कई प्रमुख हस्तियां भी मौजूद थीं. जिसके चलते यह बड़ी चिंता का विषय बन गया.

**क्या थी तकनीकी खराबी? :** जानकारी के मुताबिक फ्लाइट के गेट लॉक होने की वजह सिस्टम में तकनीकी खराबी थी. गेट खोलने के लिए जरूरी सिग्नल पायलट के डिस्प्ले पर नहीं आ रहा था. जिसके कारण क्रू मेंबर्स गेट नहीं खोल सके. एयरपोर्ट स्टाफ और इंजीनियर्स ने कड़ी मेहनत के बाद इस समस्या को हल निकाला. इंडिगो की ओर से इस घटना पर अभी तक कोई ऑफिशियल बयान जारी नहीं किया गया है.

**यात्रियों में घबराहट की वजह :** हाल ही में अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट क्रैश में सैकेड़ों लोगों की मौत की खबर ने लोगों को झकझोर कर रख दिया था. इस घटना के बाद विमान से जुड़ी किसी भी खराबी को लेकर यात्री डरे हुए हैं. रायपुर एयरपोर्ट की इस घटना ने भी यात्रियों में बेचैनी पैदा की, लेकिन समय रहते स्थिति को कंट्रोल कर लिया गया.

# एसी ब्लास्ट से घर में लगी आग, लाखों का नुकसान

**नई दिल्ली.**



भीषण गर्मी के बीच नोएडा में एयर कंडीशनर में ब्लास्ट का एक और मामला सामने आया है. सेक्टर-36 के एक मकान में देर रात एसी का कंप्रेसर फटने से आग लग गई. घटना में कोई जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन आग ने घर का बड़ा हिस्सा अपनी चपेट में ले लिया और लगभग 15 से 20 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है. जानकारी के मुताबिक यह घटना सेक्टर-36 के ब्लॉक सी2/70 मकान की है. आगजनी की सूचना फायर विभाग को रात करीब 12:35 बजे मिली. सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया गया.


**एसी का कंप्रेसर फटने से लगी आग :** शुरुआत में घरवालों ने खुद आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग तेजी से फैल गई. इसी दौरान एसी का कंप्रेसर जोर से फट गया. इसके बाद आस-पड़ोस के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी.

**15 से 20 लाख रुपये के नुकसान हुआ :** मकान के मालिक रमेश अरोड़ा ने बताया कि घटना के समय घर में तीन लोग मौजूद थे, जो समय रहते बाहर निकल आए. किसी को कोई चोट नहीं आई. फायर ब्रिगेड की शुरुआती जांच में सामने आया है कि वोल्टेज फ्लक्चुएशन की वजह से शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे एसी का कंप्रेसर ब्लास्ट कर गया और आग लग गई. फिलहाल पुलिस और फायर विभाग की टीम पूरे मामले की जांच कर रही है.

# एयर इंडिया क्रैश में बड़ा खुलासा

## > दोनों इंजन फेल होने की आशंका

**अहमदाबाद.**



अहमदाबाद विमान हादसे की जांच में एक अहम तथ्य सामने आया है, हादसे की जांच कर रही टीम को ऐसा लगता है कि जब एयर इंडिया का बोइंग 787 हवाई जहाज जब क्रैश हुआ तो उसमें आपातकालीन पावर सिस्टम चालू था. इससे ये सवाल भी उठ रहे हैं कि क्या टेक ऑफ के वक्त विमान के दोनों इंजन खराब हो गए थे या किसी अन्य सिस्टम में खराबी आई थी. विमान हादसे की जांच के लगी एक टीम के हवाले से वॉल स्ट्रीट जर्नल ने इसका खुलासा किया है. इस हादसे में तकरीबन 270 लोगों की मौत हुई थी, इनमें विमान में सवार 241 यात्री और क्रू मेंबर थे जबकि शेष मेडिकल छात्र व अन्य लोग जो इस हादसे का शिकार हुए थे. इस हादसे की जांच की जा रही है. प्राथमिक जांच में सबसे चौंकाने वाली बात सामने आई है वह इमरजेंसी पावर सिस्टम का ऑन होना ही है. वॉल स्ट्रीट जर्नल की इस रिपोर्ट पर बोइंग ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं है.

**क्या होता है इमरजेंसी पावर सिस्टम :** हर विमान में एक इमरजेंसी पावर सिस्टम होता है, इसे रैम एयर टरबाइन यानी आरएटी कहते हैं. यह एक छोटा प्रोपेलर होता है. यह बोइंग 787 ड्रीमलाइन के पंखों के बाद बिल्कुल नीचे होता है. यह विमान के लिए एक बैकअप और जनरेटर का काम करता है. हालांकि इसकी जरूरत तभी पड़ती है जब इंजन काम न कर रहे हों, अगर इंजन ठीक काम कर रहे हैं तो बिजली बनाने का जिम्मा उनका होगा, ताकि विमान आसानी से सफर पूरा कर सके.

**कब एक्टिव होता है ये सिस्टम :** इमरजेंसी पावर सिस्टम आरएटी अपने आप एक्टिव हो जाता है, एयर कमोडोर एएस बहल ने बताया कि ये तब होता है जब विमान के दोनों इंजन फेल हो जाएं या हाइड्रोलिक सिस्टम का प्रेशर कम हो जाए.वॉल स्ट्रीट जर्नल ने बोइंग के एक मैनुअल के हिसाब से लिखा है कि ये तब भी सक्रिय हो सकता है जब कॉकपिट के उपकरणों में बिजली चली जाए या विमान के इलेक्ट्रिक मोटर पंपों में समस्या आए.इस सिस्टम को मैनुअली में सक्रिय किया जा सकता है अगर पायलट को जरूरत पड़े तो.

**तो क्या एक्टिव था आरएटी? :** एयर कमोडोर ए एस बहल इसकी संभावना से इंकार नहीं कर रहे हैं. वह कहते हैं कि विमान में जो यात्री विश्वास कुमार बचे थे, उन्होंने कहा था कि प्लेन ने पहले उड़ान भरी, फिर वह बीच में रुक सा गया था. इसके बाद प्लेन ने नीचे आना शुरू किया और तेज आवाज आनी शुरू हुई. इसको अगर कॉरिलेट करें तो समझ में आता है कि उस समय आरएटी एक्टिव हो चुका था. वह कहते हैं कि जब प्लेन ने टेकऑफ किया, वह ऊपर उठा लेकिन उसके पहिए ऊपर नहीं किए गए थे, जबकि ऐसा कर दिया जाता है, इसका मतलब कुछ खामी तो अचानक आई थी. अगर वहां कोई खुला मैदान होता तो प्लेन लैंड हो जाता और इतना नुकसान नहीं होता.

**आरएटी अगर शुरू था तो फिर क्यों नहीं बचा हादसा :** एयर कमोडोर ए एस बहल ने बताया कि आरएटी अगर शुरू भी हो गया था तो उसके लिए इतने बड़े विमान को लिफ्ट करना मुश्किल था. वह कहते हैं कि पायलट आखिरी मिनट तक जहाज के साथ जूझ रहा था. ऐसा कहा जा रहा है कि इमारत के आगे मैदान था, अगर विमान में थोड़ी सी ताकत और होती तो शायद हादसा नहीं होता.

**विमान में था बहुत ही एडवांस्ड इंजन :** एयर कमोडोर के मुताबिक विमान में बहुत ही एडवांस्ड इंजन था, यह इतना ताकतवर है कि विमान एक ही इंजन पर उड़ सकता है. हालांकि बोइंग के तमाम अधिकारी कुछ चीजों से खुश नहीं थे, कई रिपोर्ट में ऐसा कहा गया है कि उन्होंने बोइंग पर पर सवाल भी उठाए थे और कहा था शॉर्टकट नहीं लेना है.

**हादसे के वक्त क्या हुआ था? :** अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की 171 फ्लाइट ने टेक ऑफ कर लिया और 625 फीट की ऊंचाई भी हासिल कर ली थी. हालांकि ठीक 50 सेकेंड के अंदर ही इसका लोकेशन डाटा ट्रांसमिट होना बंद हो गया था. पायलट ने 'मेंडे ' कॉल किया, हालांकि इसके तुरंत बाद कॉकपिट से संपर्क कट गया था. हादसे में जीवित बचे विश्वास कुमार रमेश ने भी कहा था कि उड़ान भरने के कुछ समय बाद विमान एकदम से रुक गया, केबिन में हरी और सफेद लाइटें जलीं फिर विमान जा टकराया. मैं इमरजेंसी एग्जिट से बाहर निकल गया और फिर धमाका हुआ.

# स्कूलों में हिंदी पढ़ाने पर मनसे का बवाल

**मुंबई.**



महाराष्ट्र में एक बार फिर हिंदी भाषा को लेकर सियासत गरमा गई है. राज्य के स्कूलों में हिंदी पढ़ाए जाने के सरकारी आदेश पर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने खुली चुनौती दे दी है. पार्टी प्रमुख राज ठाकरे के नेतृत्व में मनसे कार्यकर्ताओं ने मुंबई, ठाणे और नासिक सहित कई जगहों पर स्कूलों में जाकर हिंदी की किताबें फाड़ीं, उन्हें जलाया और स्कूलों के प्रिंसिपलों को चेतावनी भरे पत्र सौंपे.

राज ठाकरे ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य सरकार को सीधे निशाने पर लिया और कहा कि हिंदी कोई राष्ट्र भाषा नहीं है, इसे जबरन न थोपा जाए. उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नाम पर राज्य और केंद्र सरकार की मिलीभगत का नतीजा है और इसके पीछे आईएएस लॉबी का दबाव है.

राज ठाकरे ने अपने बयान में कहा, मैंने 17 जून को ही सरकार को पत्र लिखा था कि हिंदी को अनिवार्य भाषा न बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने मुझे कहा था कि यह अनिवार्यता हटा दी जाएगी, लेकिन अब भी दबाव बनाया जा रहा है. आज मैं राज्य के सभी स्कूलों के प्रिंसिपलों को पत्र भेज रहा हूं.

मनसे प्रमुख ने स्कूलों को चेतावनी देते हुए कहा कि, हम देखेंगे कि स्कूलों में छात्र हिंदी कैसे पढ़ते हैं. अगर सरकार ने यह निर्णय नहीं बदला तो हम चुप नहीं बैठेंगे. इसके बाद से मनसे कार्यकर्ता विभिन्न स्कूलों में जाकर हिंदी की पाठ्यपुस्तकें फाड़ रहे हैं और विरोध जता रहे हैं.

**क्या है सरकारी आदेश? :** दरअसल, हाल ही में महाराष्ट्र सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग ने एक सरकारी निर्णय (जीआर) जारी किया था, जिसमें त्रिभाषा फार्मूले के तहत कक्षा 1 से 5 तक मराठी और अंग्रेजी के बाद हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाने की बात कही गई है.

हालांकि, विवाद के बाद सरकार ने अनिवार्यता शब्द को हटा दिया है और स्पष्ट किया है कि यह वैकल्पिक रहेगा. जीआर के अनुसार, अगर किसी कक्षा में 20 से अधिक छात्र हिंदी के बजाय कोई अन्य भाषा पढ़ना चाहते हैं, तो उनके लिए उस भाषा के शिक्षक उपलब्ध कराए जाएंगे या ऑनलाइन शिक्षा दी जाएगी.

**सीएम देवेंद्र फडणवीस ने दी सफाई :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस मुद्दे पर सफाई देते हुए कहा, मैंने राज ठाकरे से बात की है और उन्हें समझाने की कोशिश की है. नए सरकारी आदेश में कहीं भी अनिवार्य शब्द का उल्लेख नहीं है. कुछ स्कूलों में पहले से ही मराठी के बाद हिंदी तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाई जा रही है.

अब केवल उसे औपचारिक रूप से शामिल किया गया है. फडणवीस ने कहा कि छात्रों को जो तीसरी भाषा पसंद होगी, उसे चुनने की आजादी दी गई है. सरकार ने किसी पर हिंदी थोपने की कोशिश नहीं की है.

**विपक्ष ने भी बोला हमला :** इस मुद्दे पर कांग्रेस ने भी राज्य सरकार को घेरते हुए सियासी हमला बोला है. प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा, त्रिभाषा फार्मूला पंडित नेहरू की सोच थी ताकि हर मातृभाषा का संरक्षण हो, लेकिन अब इस पर जबरन हिंदी थोपी जा रही है, जो पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है। मराठी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि एक संस्कृति है.

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का यह कदम आरएसएस के हिंदू राष्ट्र एजेंडे का हिस्सा है और भाषा की विविधता पर हमला है. विशेषज्ञों का मानना है कि यह मुद्दा आगामी बीएमसी (बृहन्मुंबई महानगरपालिका) चुनावों के मद्देनजर उठाया गया है, ताकि मराठी मतदाताओं को एकजुट किया जा सके.

राज ठाकरे पहले भी मराठी अस्मिता के मुद्दों को लेकर राजनीति करते रहे हैं और भाषा का यह मुद्दा एक बार फिर उसी दिशा में संकेत करता है. राज्य में स्कूल खुल चुके हैं, बच्चों की किताबें भी खरीदी जा चुकी हैं, लेकिन अब इस सियासी घमासान ने बच्चों की पढ़ाई के बीच मुश्किलें खड़ी कर दी हैं. भाषा के नाम पर उठे इस विवाद ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है.

# सांगली में बड़ा सियासी उलटफेर

## >जयश्री पाटिल भाजपा में शामिल

**सांगली.**



महाराष्ट्र के सांगली में वसंतदादा पाटिल परिवार का एक बड़ा समूह आखिरकार भाजपा में शामिल हो गया है. विधानसभा चुनाव में बागी होकर सांगली जिला केंद्रीय सहकारी बैंक की उपाध्यक्ष जयश्री पाटिल भाजपा में शामिल हो गईं. इससे सांगली की राजनीति में भाजपा को मजबूती मिली है और कांग्रेस के गढ़ रहे दादा परिवार से एक बड़ा समूह पार्टी में शामिल हो गया है. जयश्री पाटिल वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री स्वर्गीय मदन पाटिल की पत्नी हैं. उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने इससे पहले जयश्री पाटिल से उनके निवास पर मुलाकात की थी. उसके बाद जयश्री पाटिल बुधवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, महाराष्ट्र बीजेपी प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले और अन्य नेताओं की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुईं. इससे पहले पालकमंत्री चंद्रकांत पाटिल के साथ भाजपा विधायक सुधीर गाडगिल, जिला अध्यक्ष सम्राट महाडिक, जनसुराज्य के समित कदम, भाजपा के शेखर इनामदार, सीबी पाटिल व अन्य नेता जयश्री पाटिल के निवास पर पहुंचे. स्थानीय निकाय चुनाव से पहले मदन पाटिल गुट को भाजपा के साथ लाने के लिए भाजपा के राज्यस्तरीय नेताओं ने जयश्री पाटिल से संपर्क किया था.

**विधानसभा में टिकट नहीं मिलने से थीं नाराज :** जयश्री पाटिल को विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया गया था. उन्होंने बगावत करते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ा था. इसके बाद कांग्रेस ने उन्हें निलंबित कर दिया था. इसके बाद उन्होंने अलग राजनीतिक राह अपनाने का फैसला किया. कुछ दिन पहले उन्होंने कार्यकर्ताओं की राय मांगी थी. उन्हें भाजपा और एनसीपी से ऑफर मिले थे. आखिरकार उन्होंने भाजपा में शामिल होने का फैसला किया. सांगली विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस ने अब तक 16 चुनाव जीते हैं. इनमें से पांच चुनाव वसंतदादा पाटिल की मदद से जीते. 1980 में इंदिरा गांधी के आग्रह पर वसंतदादा पाटिल ने खुद चुनाव लड़ा था. उसके बाद वसंतदादा पाटिल के परिवार के सदस्यों ने लगातार दस चुनाव लड़े और जीते. वसंतदादा पाटिल के साथ-साथ शालिनीताई पाटिल, प्रकाश बापू पाटिल, मदन पाटिल, प्रतीक पाटिल और विशाल पाटिल अब तक लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं.

**सांगली चुनाव में वसंतदादा परिवार का दबदबा :** 2009 में प्रतीक पाटिल के जीतने के बाद उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में राज्य मंत्री बनाया गया. हालांकि, 2014 के चुनाव में प्रतीक पाटिल हार गए. उसके बाद 2019 में विशाल पाटिल को कांग्रेस ने लोकसभा का उम्मीदवार नहीं बनाया. सांगली सीट शेतकरी संगठन के लिए छोड़ दी गई. विशाल पाटिल ने 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ा. हालांकि, इस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा. 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को महागठबंधन से सीट नहीं मिली. इस वजह से विशाल पाटिल ने बगावत कर दी और निर्दलीय सांसद चुने गए.

# बूढ़ी गंडक नदी में डूबे 8 युवक, 4 की मौत

**पटना.**

बिहार के बेगूसराय में नदी में डूबने से चार लोगों की मौत हो गई. वहीं, चार लोगों को समय रहते हुए डूबने से बचा लिया गया. घटना की जानकारी होते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई.

चार शवों को कब्जे में लाने के बाद पुलिस ने उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है. घटना के बाद से ही मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. सभी लोग गर्मी से राहत के लिए नदी में नहाने गए थे. इस दौरान वह हादसे का शिकार हो गए. बेगूसराय के खोदवंदपुर थाना क्षेत्र के नुरुल्लाहपुर गांव के पास बूढ़ी गंडक नदी में बुधवार को कई लोग नहा रहे थे. इस बीच डूबने से दो सगे भाइयों सहित 4 लोगों की मौत हो गई.

बताया जा रहा है कि उन्हें पानी की गहराई का अंदाजा नहीं था. इस बीच एक दूसरे को बचाने के दौरान 8 लोग पानी में डूबने लगे थे, जिसमें से चार लोगों को स्थानीय लोगों ने किसी तरह से बचा लिया गया. वहीं, चार लोगों के शव का नदी से बाहर निकाला गया. मृतकों की उम्र 12 से 19 साल के बीच बताई जा रही है.

**नदी में डूबने से चार की मौत :** नदी में लोगों के डूबने की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया था. आसपास के गांव के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए. बड़ी मशक्कत के बाद 4 शवों को नदी से बाहर निकाला गया. सूचना लगते ही पुलिस भी तुरंत मौके पर पहुंच गई.

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है. घटना के बाद से ही मृतकों के गांव में सन्नाटा पसर गया है. कोई भी बच्चों की मौत की बात हजम नहीं कर पा रहा है.

**मृतकों की हुई पहचान :** मृतकों की पहचान नुरूल्लाहरपुर के रहने वाले राम शोभित दास के बेटे नीतीश कुमार (14), चांदसी दास का बेटे अभिषेक कुमार (18) और अविनाश कुमार (19) के साथ ही कल्लार दास का बेटे रोशन कुमार (12) के तौर पर हुई है. अभिषेक और अविनाश जुड़वा भाई हैं.

# अमेरिका और इजराइल को खामेनेई की चेतावनी

**तेहरान.**



ईरान और इजराइल के बीच चल रहे टकराव के बीच अब अमेरिका भी खुलकर कूदने की धमकी दे रहा है. ऐसे में 86 साल के ईरानी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई सामने आए हैं और उन्होंने अमेरिका और इजराइल दोनों को दो टूक चेतावनी दी है. ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, खामेनेई ने साफ किया है कि अगर अमेरिका कोई भी सैन्य दखल देता है, तो उसका अंजाम बहुत बुरा होगा, जिसकी भरपाई कभी नहीं हो पाएगी. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा मांगे गए 'बिना शर्त आत्मसमर्पण' पर खामेनेई ने सीधा जवाब दिया. ट्रंप ने यह भी कहा था कि अमेरिका जानता है कि खामेनेई कहां छिपे हैं, लेकिन उन्हें अभी मारने का इरादा नहीं है. इस पर प्रतिक्रिया देते हुए खामेनेई ने कहा, 'जो लोग ईरान के इतिहास को जानते हैं, वो धमकियों की भाषा नहीं बोलते.'

**ट्रंप की शर्तों के आगे नहीं झुकेंगे खामेनेई :** खामेनेई ने अपने संदेश में ईरानी जनता की तारीफ करते हुए कहा कि इजराइली हमलों के बाद लोगों का धैर्य और साहस उनकी राष्ट्रीय ताकत का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि ईरानी राष्ट्र किसी थोपे गए युद्ध के सामने झुकेगा नहीं... और किसी थोपे गए शांति समझौते को स्वीकार नहीं करेगा.

**इजराइल को भी दे दी वॉर्निंग :** इजराइल पर तीखा हमला बोलते हुए खामेनेई ने कहा कि उसने ईरानी हवाई क्षेत्र में घुसपैठ कर बहुत बड़ी गलती की है. यह ईरान की 'रेड लाइन' है और जो इसे पार करेगा, उसे माफ नहीं किया जाएगा. खामेनेई ने चेताया कि इजराइल को इस गलती की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी. खामेनेई ने देशवासियों से एकजुट रहने की अपील की और भरोसा दिलाया कि शहीदों का खून व्यर्थ नहीं जाएगा. उन्होंने ईरान की सैन्य ताकत को बहादुर बताते हुए कहा कि ये ताकत देश को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाती है.

**विकल्पों पर विचार कर रहा अमेरिका :** वहीं अमेरिकी सूत्रों के अनुसार राष्ट्रपति ट्रंप और उनके सलाहकार इस समय कई विकल्पों पर विचार कर रहे हैं, जिनमें ईरानी परमाणु ठिकानों पर इजराइल के साथ मिलकर हमला करना भी शामिल है. हालांकि, अभी इस पर कोई आधिकारिक निर्णय नहीं लिया गया है. संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अली बहरैनी ने भी चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने सीधे तौर पर हमले में हिस्सा लिया, तो ईरान जवाबी कार्रवाई करेगा.

उन्होंने अमेरिका को पहले से ही इजराइली हमलों में साझेदार करार दिया है.

